www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर : 2 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार/खेल

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 जबलपुर, मंगलवार 09 जून 2026 , कृष्ण पक्ष 9 , विक्रम संवत -2083 वर्ष -5 अंक - 309 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कान्हा में क्यों थम रही दहाड़ें : बाघों के लिए काल बन रहा कैनाइन डिस्टेंपर, तंजानिया ने झेली थी ऐसी त्रासदी जिसे देख डर गए थे वन्यजीव विशेषज्ञ

नव प्रदेश विशेष

जबलपुर/नवप्रदेश

किसली के जंगल में एक बाघ का असामान्य व्यवहार फिर चिंता का कारण बना है। दो महीने में छह बाघों की जान लेने वाले कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) का खतरा अब भी कान्हा टाइगर रिजर्व पर बना हुआ है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह संकट केवल कान्हा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश के अन्य टाइगर रिजर्व भी इसकी चपेट में आ सकते हैं।

मध्य प्रदेश के विश्वप्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व में इन दिनों जंगल की खामोशी के पीछे एक बड़ा खतरा छिपा हुआ है। किसली रेंज के संदूकखोल क्षेत्र में हाल ही में एक बाघ का व्यवहार असामान्य दिखाई दिया। सफारी पर पहुंचे पर्यटकों ने देखा कि बाघ बार-बार चक्कर लगा रहा था, तेजी से इधर-उधर भाग रहा था और बेहद कमजोर नजर आ रहा था।

बाघ को रेस्क्यू कर मुक्की क्वारंटाइन सेंटर लाया गया

शुरुआत में वन अधिकारियों ने इसे भीषण गर्मी का असर माना, लेकिन लगातार निगरानी के बाद स्थिति गंभीर लगी। आखिरकार बाघ को रेस्क्यू कर मुक्की क्वारंटाइन सेंटर लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। उसके जैविक नमूने जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ भेजे गए हैं। रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन आशंका वही है जिसने पिछले दो महीनों में कान्हा के जंगल को झकझोर दिया था कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी)।

अफ्रीका की वह त्रासदी, जिससे भारत को सीख लेनी चाहिए

तंजानिया का सेरेनगेटी नेशनल पार्क, जो शेरों के शौकीनों और एक्सपर्ट्स के लिए एक खास जगह है, वहां भी ऐसी ही त्रासदी हुई थी। 1994 में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के फैलने से पार्क के 3,000 शेरों में से 1,000 शेरों की मौत हो गई थी। फिर भी वहां का माहौल और हालात संभल गए।

सीडीवी का खतरा केवल कान्हा तक सीमित नहीं

जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में करीब नौ वर्ष का एक तेंदुआ पिछले डेढ़ महीने से उपचाराधीन है। नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा क्षेत्र से घायल अवस्था में रेस्क्यू किए गए इस तेंदुए में जांच के दौरान कैनाइन डिस्टेंपर वायरस की पुष्टि हुई थी। अब वन विभाग के सामने चुनौती यह है कि यदि तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ भी हो जाए तो उसे सीधे जंगल में छोड़ना अन्य वन्यजीवों के लिए खतरा बन सकता है।

दो महीने में उजड़ गया एक पूरा बाघ परिवार

कान्हा में पिछले दो महीनों के दौरान आठ बाघों की मौत हुई है। इनमें से छह मौतों का कारण कैनाइन डिस्टेंपर वायरस माना गया है। सबसे दर्दनाक घटना अमाही क्षेत्र की बाघिन टी-141 और उसके चार शावकों की थी। वायरस ने पूरे परिवार को निगल लिया। इसके बाद महावीर बाघ (टी-220) भी इस संक्रमण का शिकार बन गया। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है। हर बाघ की मौत जंगल के पारिस्थितिक संतुलन और वर्षों की संरक्षण मेहनत को पीछे धकेल देती है।

आखिर क्या है कैनाइन डिस्टेंपर वायरस?

कैनाइन जिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) सामान्यतः कुत्तों में पाया जाने वाला अत्यंत संक्रामक वायरस है। लेकिन जब यह वन्यजीवों तक पहुंचता है तो बाघ, तेंदुआ, चीता और अन्य मांसाहारी प्रजातियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यह वायरस श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र और तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है।

आज बेबाक

अमेरिका से आया बड़ा काकरोच तमाम छोटे काकरोच उसे सलाम करो... गाने के बावजूद दिल्ली में मुट्ठी भर काकरोच ही जुटे। टुकड़े टुकड़े गैंग के ढपलीबाजों के साथ ही कुछ मीठे काकरोच सोशल मीडिया पर छाए रहे। ये सारे नाजुक काकरोच कुछ घंटे भी नहीं टिक पाए। गर्मी से परेशान होकर गंदी नाली की ओर कूच कर गए। काकरोचों के फ्लाप शो ने उन विपक्षी दलों के दिल के अरमां आसूंओं में बहा दिए जो इन छपरियों से क्रांति की उम्मीद कर रहे थे। लब्बोलुआब यह कि खोदा पहाड़ निकला चूहा वह भी मरा हुआ ही नहीं बल्कि सड़ा हुआ।

दिल्ली में 'मेला', बंगाल में 'खेला'

ममता के 20 सांसद भी टीएमसी छोड़ सकते हैं, सीएम शुभेंदु से मिलने पहुंचे

कोलकाता/ ए.। विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद भी ममता का साथ छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार दोपहर 20 सांसदों ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान सुबह टीएमसी के राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे चुके सुखेंदु शेखर भी मौजूद रहे। उधर, बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे।

बैठक में काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी मौजूद रहे। बाकी सांसदों के नाम सामने नहीं आए हैं। मीटिंग के बाद काकोली ने दावा किया कि पार्टी के 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने का फैसला किया है। इस बारे में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र भी भेज दिया गया है। लोकसभा में टीएमसी के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतब्रत को अपना नेता बनाया है।

28 साल पुरानी टीएमसी में बगावत

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में 28 साल के इतिहास में पहली बार औपचारिक तौर पर टूट सामने आई है। बुधवार को 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र दिया। इसमें मांग की गई कि ऋतब्रत को नेता विपक्ष घोषित किया जाए। स्पीकर ने मंजूरी दे दी।

टीएमसी के लोग ममता से नाराज: सुखेंदु

टीएमसी के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर ने आज सुबह ही राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। त्यागपत्र में उन्होंने ममता के 15 साल के अराजक शासन को पार्टी की हार का नतीजा बताया और भाजपा की तारीफ की थी। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने सुखेंदु शेखर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। सुखेंदु ने इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा था कि पार्टी के कई लोग ममता मनमाने ढंग से पार्टी चला रही थीं, इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

सुखेंदु की बात काफी हद तक सही: ऋतब्रत

सुखेंदु शेखर के इस्तीफे पर बंगाल में टीएमसी के बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि यह सिर्फ सुखेंदु की निजी बात नहीं है। मैंने सुखेंदु से सीधे बात नहीं की है, लेकिन टीवी पर उनके बयान देखे और सुने हैं। मैं उनकी बातों से सहमत हूं। राज्यसभा के कामकाज को लेकर सुखेंदु की बात काफी हद तक सही है। संसद कोई क्विज खेलने की जगह नहीं है। उधर, टीएमसी ने बागी नेता रीताब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के विधानसभा स्पीकर के फैसले को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

सीबीएसई व नीट गड़बड़ी पर शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा: खड़गे

- **एसआईआर में करोड़ों नाम काटे, इंडिया ब्लाक सीजेआई को पत्र लिखेगा**

नई दिल्ली/ए.। इंडिया ब्लॉक की 2 साल बाद हुई 7वीं बैठक में सोमवार को 25 दलों के नेता शामिल हुए। दिल्ली में हुई बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन वर्चुअली जुड़े। मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- 2 घंटे से ज्यादा चली बैठक में 5 मुद्दों पर सहमति बनी है। हृश्वश्वञ्ज में देश के युवाओं के साथ धोखा हुआ है। नीट और सीबीएसई की गड़बड़ी के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं, वह तुरंत इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा कि एसआईआर में करोड़ों वोटर के नाम कटे। एसआईआर और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर सीजेआई को लेटर लिखेंगे। सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

डीएमके के लिए दूरी नुकसान होगी: उदित

कांग्रेस के सीनियर नेता उदित राज ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उदित राज ने इस मामले पर गठबंधन का रुख रखते हुए कहा कि 'बैठक से दूरी बनाना खुद डीएमके के लिए नुकसान देह होगा। उन्होंने कहा कि 'गठबंधन से अलग होने से डीएमके खुद कमजोर होगी, और ऐसा हम बिल्कुल नहीं चाहते हैं। अगर वे इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनते हैं, तो 2 स्थितियां बन सकती हैं। या तो वे तटस्थ रहें या फिर बीजेपी का समर्थन करें। तटस्थ रहना, एक तरह से, बीजेपी का समर्थन करने जैसा ही है।

ईरान-इजराइल में 2 महीने बाद फिर जंग शुरू, दहशत

- **होर्मुज में जहाज पर हमले में 24 भारतीय फंसे, वीडियो शेयर कर मांगी मदद**

तेल अवीव/तेहरान (ए.)। ईरान और इजराइल के अप्रैल में हुए सीजफायर के 2 महीने बाद दोबारा जंग शुरू हो गई। ईरान ने रविवार रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि यह कार्रवाई लेबनान में हिजबुल्लाह पर इजराइली हमलों के जवाब में की गई है। इसके जवाब में इजराइल ने ईरान के कई सैन्य और रक्षा ठिकानों पर हमला किया। ईरानी समाचार एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक, तेहरान, तबरीज और इस्फहान में कई विस्फोट हुए। वहीं, आईआरजीसी ने दावा किया कि इजराइल ने इन हमलों में एयर-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट में ओमान तट के पास एक जहाज पर हमले की खबर आई है।

फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, इमारतें गिरीं, 32 मौतें

- **4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए**

मनीला /ए.। फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 33 किलोमीटर की गहराई पर आया।

मुंबई में बस ने 3 गाड़ियों को टक्कर मारी, एक की मौत, 3 घायल

मुंबई/ए.। मुंबई में सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे दादर के प्लाजा सिनेमा के पास एक BEST (नगर निकाय) बस ने 3 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 22 साल के एक लड़के की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में बस का कंडक्टर भी शामिल है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मोड़ पर ट्रैफिक धीमा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस गाड़ियों को रौंदते हुए निकल गई। बस की टक्कर के बाद तेज आवाज आई और सड़क पर गाड़ियों का मलबा बिखर गया। शिवाजी पार्क पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने वहां पहुंचकर गाड़ी में फंसे घायलों को रेस्क्यू कर निकाला।

विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में हादसा, 8 मजदूरों की मौत

विशाखापट्टनम/ए.। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600 C तापमान वाला पिघला हुआ लोहा मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया।

गरीब कल्याण योजनाओं से 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले

नई दिल्ली/ए.। पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा उपायों के विस्तार से देश में गरीबों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सरकार के अनुसार, इस अवधि में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, आवास, शिक्षा, स्वच्छता और आजीविका से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। साथ ही, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

जल, स्वच्छता और स्वच्छ ईंधन पर विशेष फोकस: सरकार के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों तक सीमित नल जल कनेक्शन मई 2026 तक बढ़कर 15.84 करोड़ घरों तक पहुंच गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12.11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया।

छत्तीसगढ़ के तीन सपूतों को मिलेगा शौर्य चक्र

- **नक्सल-आतंकी मोर्चों पर असाधारण वीरता के लिए राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तीन वीर जवानों को उनकी बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और साहसिक कार्यों के लिए देश के प्रतिष्ठित वीरता सम्मान 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया जाएगा। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन जवानों को यह सम्मान प्रदान करेंगी। सम्मान पाने वालों में असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू तथा छत्तीसगढ़ पुलिस के निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख शामिल हैं।

नक्सल अभियानों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान

छत्तीसगढ़ पुलिस के निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख को भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियानों के दौरान साहसिक भूमिका निभाने और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने कठिन परिस्थितियों में सुरक्षा अभियानों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

मणिपुर में आतंकियों से लोहा लेने पर मिला सम्मान

असम राइफल्स में पदस्थ भोजराम साहू को मणिपुर में आतंकवादियों के खिलाफअभियान के दौरान दिखाई गई वीरता के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 15 नवंबर 2024 को मणिपुर के टेंगनोपाल क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने अभियान शुरू किया था। इसी दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें भोजराम साहू घायल भी हुए। उनकी बहादुरी और टीम की कार्रवाई के परिणामस्वरूप तीन आतंकवादी मारे गए तथा बाकी को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

गरमा-गरम



बरगी डैम क्रूज हादसे में बड़ा खुलासा

न यात्रियों का बीमा था, न क्रूज की फिटनेस; आंधी के अलर्ट के बावजूद पानी में उतारा

नवप्रदेश/जबलपुर।

बरगी डेम में 30 अप्रैल 2026 को हुए भीषण क्रूज हादसे की न्यायिक जांच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आई हैं। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता वाले न्यायिक जांच आयोग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों और हलफनामों ने क्रूज संचालन से जुड़े कई सवाल खड़े कर दिए हैं। याचिकाकर्ता अखिलेश त्रिपाठी ने अधिवक्ता पंकज दुबे के माध्यम से आयोग के समक्ष जो दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।

फिटनेस सर्वे के बिना संचालन

प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, मध्य प्रदेश अंतर्देशीय भाप पोत नियम, 1962 के तहत आवश्यक फिटनेस सर्वे नहीं कराया गया था। साथ ही, अंतर्देशीय पोत अधिनियम, 2022 के तहत निर्धारित पंजीयन, सुरक्षा और बीमा संबंधी आवश्यक प्रावधानों का भी पालन नहीं किया गया। इससे यह सवाल उठ रहा है कि बिना फिटनेस प्रमाणन और यात्री बीमा के व्यावसायिक संचालन की अनुमति किस स्तर पर दी गई।

मौसम विभाग की चेतावनी भी अनदेखी

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि हादसे वाले दिन मौसम विभाग ने तेज आंधी और खराब मौसम को लेकर पूर्व चेतावनी जारी की थी। इसके बावजूद क्रूज का संचालन जारी रखा गया। आयोग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, उपलब्ध मौसम अलर्ट के बावजूद पर्यटकों को जलाशय के भीतर ले जाया गया, जिससे दुर्घटना का जोखिम और बढ़ गया।

मणिपुर में असम राइफल्स का भारी विरोध, झड़प में 22 महिलाएं घायल

- **जवान बोले- हमें जिंदा जलाने की कोशिश हुई**

मणिपुर/ए.। मणिपुर के उखरुल जिले के शोक्वाओ और न्यू हेवन इलाके में सैकड़ों महिलाओं ने असम राइफल्स के जवानों और उनके वाहनों का भारी विरोध किया। महिलाओं के हाथों में मशालें, लाठियां थीं। तंग्खुल नगा समुदाय की ये महिलाएं 'हमारी जमीन, हमारा अधिकार' का नारा लगाते हुए जवानों को आगे नहीं बढ़ने दे रही थीं। जिसके बाद सैन्य अधिकारियों द्वारा चेतावनी दी जिसे अनसुना करने पर कार्रवाई करनी पड़ी। इस कार्रवाई में जिसमें 22 महिलाएं घायल हो गयीं हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक,जवानों ने पुलिस और मजिस्ट्रेट की गैरमौजूदगी में कई राउंड हवाई फायर किए।

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना दे रही विदेश अध्ययन के सपने को उड़ान

बालाघाट के राजवर्धन का 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स' में चयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्यमंत्री गौर का जताया आभार

भोपाल/नवप्रदेश। बालाघाट की वारासिवनी तहसील के ग्राम सांवगी निवासी राजवर्धन राणा ने अपनी प्रतिभा और लगन के बल पर पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। राजवर्धन का चयन इंग्लैंड की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था 'द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस' में 'मास्टर ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर वैश्विक स्तर की इस प्रतिष्ठित संस्था तक पहुँचने में मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना ने अहम भूमिका निभाई है। आर्थिक रूप से सीमित किंतु होनहार विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत राज्य शासन राजवर्धन को पूर्ण वित्तीय सहयोग प्रदान कर रहा है। पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की फीस के रूप में 40 लाख 70 हजार 736 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। योजना के प्रावधानों के अनुसार निर्वाह भत्ता (लिविंग अलाउंस), आकस्मिकता भत्ता, बीमा राशि और हवाई यात्रा का किराया भी राज्य शासन द्वारा वहन किया जा रहा है। राजवर्धन राणा ने अपनी इस सफलता पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर समेत पूरे प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दूरदर्शी योजना के बिना उनके लिए इतने बड़े संस्थान में पढ़ने का सपना साकार करना संभव नहीं था। राजवर्धन ने कहा यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, परिश्रम निष्ठापूर्वक किया जाए और शासन की योजनाओं का समुचित लाभ उठाया जाए, तो सीमित संसाधन सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकते। वे भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। राजवर्धन जैसे कई छात्र विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के ज़रिए विदेश में पढ़ाई के अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। इस योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार उन मेधावी और होनहार युवाओं को एक मजबूत आर्थिक संबल प्रदान करती है, जो प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन आर्थिक सीमाओं के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं।

योजना के बारे में जानिए

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना' प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पोस्ट-ग्रेजुएशन, पीएचडी या रिसर्च की पढ़ाई के लिए ट्यूशन फीस का भुगतान शासन द्वारा किया जाता है। पढ़ाई के खर्च के साथ-साथ रहने और यात्रा का खर्च भी सरकार वहन करती है। योजना में निर्वाह भत्ता (लिविंग अलाउंस), आकस्मिक व्यय, स्वास्थ्य बीमा, वीज़ा शुल्क और विदेश जाने-आने का हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) का खर्च भी शामिल है।

मतदान सबसे पवित्र अधिकार है, उससे कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे : राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने की स्थानीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

भोपाल/नवप्रदेश। मतदान सबसे पवित्र अधिकार है, उससे कोई भी पात्र मतदाता वंचित नहीं रहे। साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता मतदान के अधिकार का उपयोग नहीं कर सके। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने यह निर्देश नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान दिये। समीक्षा राज्य निर्वाचन आयोग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गयी। श्रीवास्तव ने कहा कि नाम जोड़ने और हटाने का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करें। इस कार्य की सघन मॉनीटरिंग की जाये। हर जिले में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर जन-प्रतिनिधियों को पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम की उपेक्षा नहीं होनी चाहिये। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर नाम हटाने की कार्यवाही करें। प्राधिकृत कर्मचारियों के कार्यों के पर्यवेक्षण के लिये सुपरवाइजर की नियुक्ति करें। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की डेसबोर्ड से ऑनलाइन नियमित मॉनीटरिंग करें। दावे-आपत्ति और अपील के प्रकरणों का निराकरण सहित सभी कार्यवाहियाँ समय-सीमा में सुनिश्चित करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने के पहले पूरी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 15 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 25 जून तक किया जायेगा और फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को किया जायेगा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव श्री मनोज मालवीय, श्रीमती संजू कुमारी, श्री सुतेश शाक्य, श्री मुकुल गुप्ता एवं विधि अधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बोले- दोषियों पर हो कार्रवाई

वन रक्षक-जेल प्रहरी परीक्षा को लेकर एनएसयूआई ने घेरा दफ्तर: एमपी कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 की परीक्षा कैंसिल होने पर सोमवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने व्यापमं चौराहा स्थित कर्मचारी चयन मंडल के दफ्तर का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार एवं भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। इसके बाद संयुक्त परीक्षा नियंत्रक दिनेश अग्रवाल को अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई और परीक्षार्थियों को राहत प्रदान करने की मांग की गई।

उपाध्यक्ष परमार ने बताया, कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 7 जून को आयोजित वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को गंभीर अव्यवस्थाओं, तकनीकी खामियों एवं प्रशासनिक लापरवाही का सामना करना पड़ा।

सैकड़ों किमी तय की दूरी

प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से हजारों अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचे थे। कई अभ्यर्थियों ने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद यात्रा, आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर खर्च कर परीक्षा में शामिल होने की तैयारी की थी, किंतु परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के बाद उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों तक बैठाकर रखा गया। बाद में तकनीकी खामियों का हवाला देकर परीक्षा निरस्त कर दी गई। परमार ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी वर्षों की मेहनत, समय एवं संसाधन लगाकर परीक्षा देने पहुंचते हैं। ऐसे में परीक्षा के दिन इस प्रकार की अव्यवस्था न केवल उनकी मेहनत को प्रभावित करती है, बल्कि उनकी मानसिक स्थिति एवं भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

परीक्षा में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप

जिलाध्यक्ष तोमर ने बताया, परीक्षा के दौरान सामने आई घटनाओं से यह प्रतीत होता है कि परीक्षा आयोजन में गंभीर स्तर की लापरवाही बरती गई है। यदि तकनीकी व्यवस्थाएं समय रहते तय की जाती तो हजारों अभ्यर्थियों को इस प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। तोमर ने आगे कहा कि साथ ही इस पूरे घटनाक्रम ने परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। अभ्यर्थियों के बीच यह आशंका व्याप्त है कि कहीं न कहीं परीक्षा संचालन में गंभीर अनियमितताएं एवं धांधलियां हुई हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है जिला उपाध्यक्ष अमित हाटिया ने कहा, कर्मचारी चयन मंडल की यह जिम्मेदारी है कि भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुचारू व्यवस्थाओं के साथ संपन्न हों तथा अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

एनएसयूआई की यह मांग

परीक्षा निरस्त होने से प्रभावित सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा शुल्क तत्काल वापस की जाए।

परीक्षा आयोजन में हुई लापरवाही, तकनीकी खामियों एवं अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को तत्काल निलंबित एवं दंडित किया जाए।

संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन का शिखर प्रदर्शन: यूनिट-3 ने लगातार 100 दिन बिजली उत्पादन कर रचा इतिहास

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन बिरसिंगपुर (स्त्रअक्क) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। स्टेशन की यूनिट नंबर 3 ने बीते 27 फरवरी से बिना रुके लगातार 100 दिनों तक बिजली पैदा करने का स्वर्णिम आंकड़ा छू लिया है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भी कंपनी की कुल 13 उत्पादन इकाइयों ने 100 से अधिक दिनों तक लगातार निर्बाध बिजली उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया था। इस शानदार ट्रैक रिकॉर्ड में अकेले संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का दबदबा रहा; जहां इसी यूनिट-3 ने पहले भी एक बार यह मुकाम हासिल किया था, वहीं स्टेशन की यूनिट-4 दो बार और यूनिट-5 ने एक बार इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने नाम दर्ज कराया था। इस रिकॉर्ड परिचालन अवधि के दौरान यूनिट ने 89.18 प्रतिशत का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर बनाए रखा, जो बिजली उत्पादन के लिए इस इकाई की उच्च उपलब्धता और तकनीकी मजबूती को प्रमाणित करता है।

हर ग्राम में बनेगी एक लखपति गोपालक दीदी, पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया जायेगा विशेष ध्यान

कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल ने ली संभागीय समीक्षा बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक बर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुपालन को केवल सहायक व्यवसाय न मानकर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनाएं। प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक लखपति गोपालक दीदी तैयार करने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। महिला स्व-सहायता समूहों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जाएं, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बनाने के उद्देश्य से कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में पशुपालन, डेयरी एवं मछुआ कल्याण विभाग की संयुक्त संभागीय समीक्षा बैठक सोमवार को इंदौर में आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव, सचिव मत्स्य पालन श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। क्षीरधारा ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए श्री बर्णवाल ने कहा कि इस योजना के माध्यम से गांवों में दुग्ध उत्पादन और दुग्ध व्यवसाय को संगठित स्वरूप प्रदान किया जाए। दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक पशुपालन और बेहतर विपणन सुविधाओं से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। श्री बर्णवाल ने हिरण्यगर्भ नस्ल सुधार अभियान को परिणाममूलक ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्नत नस्ल के पशुओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर नस्ल सुधार कार्यक्रम चलाए जाएं।

मध्यप्रदेश पुलिस की संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई

विगत चार दिनों में 3 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चोरी एवं ठगी गई संपत्ति बरामद

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी तथा चोरी, ठगी एवं नकबजनी की घटनाओं के त्वरित निराकरण के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत चार दिनों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित विशेष अभियानों, तकनीकी विश्लेषण एवं सघन विवेचना के माध्यम से पुलिस ने 3 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चोरी एवं ठगी गई संपत्ति बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ग्वालियर

जिले में कोतवाली पुलिस ने हॉलमार्क कराने के नाम पर ग्राहकों का सोना लेकर फरार हुए ज्वेलर्स संचालक एवं उसके साथी को मेरठ से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये मूल्य के 931 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किए। वहीं डबरा सिटी पुलिस ने मात्र 24 घंटे में एक फर्जी लूटकांड का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 49 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के जेवरात, नगदी एवं मोटरसाइकिल बरामद की। इसी प्रकार महाराजपुरा पुलिस ने वर्ष 2023 में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर लगभग 8 लाख रुपये मूल्य की लायसेंसी रिवॉल्वर, जेवरात एवं अन्य सामग्री बरामद की।

मुरैना

जिले में देवगढ़ थाना पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से लगभग 55 लाख रुपये से अधिक मूल्य की चोरी गई संपत्ति, राइफल, कारतूस, नगदी, जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किए। आरोपियों पर 32 हजार 500 रुपये का इनाम घोषित था। जिले के गोहलपुर थाना पुलिस ने नकबजनी की घटना का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की।

योजनाओं के क्रियान्वयन में रखें पारदर्शिता : मंत्री पटेल

अंतिम छोर तक मिले योजनाओं का लाभ

विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की

भोपाल/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए, जिससे समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुँचे सके। मंत्री श्री पटेल ने विकास भवन में विभागीय योजनाओं के कार्यों, वित्तीय प्रावधान और व्यय की योजनावार समीक्षा की। मंत्री श्री पटेल ने निर्देशित किया कि जिन योजनाओं में इस तिमाही में व्यय कम हुआ है, वहां कार्यों की गति को तत्काल बड़ाया जाए और भारत सरकार से संबंधित मुद्दों पर निरंतर फॉलो-अप कर शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने %जन मन% योजना की किश्त का समय पर भुगतान करने, सोशल ऑडिट के लिए विशेष सॉफ्टवेयर का निर्माण करने तथा बीबी रामजी योजना के लिए वास्तविकता के आधार पर बजट तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, रसोइयों को मानदेय, मुख्यमंत्री आवास मिशन, रेडी टू टेक होम राशन, मजरा टोला और क्षतिग्रस्त पुलों के निर्माण संबंधी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय संरचना के पुनर्गठन और योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभाग के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए विकास आयुक्त कार्यालय एवं पंचायत राज संचालनालय के विलय के प्रस्ताव पर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मंत्री श्री पटेल ने विलय के उपरांत संचालनालय, संभागीय, जिला एवं जनपद कार्यालयों के लिए प्रस्तावित स्वीकृत पदों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

प्रदेश में सुपोषण का नया रोडमैप

विदिशा के पोषण संजीवनी अभियान ने पेश की राज्य स्तरीय मिसाल

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए निरंतर अभिनव और नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विदिशा जिले से सफलता की एक ऐसी गौरवशाली गाथा सामने आई है, जिसने पूरे राज्य के सामने प्रशासनिक सूझबूझ और जनभागीदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के %स्वस्थ मध्यप्रदेश% के संकल्पों को जमीनी धरातल पर उतारते हुए विदिशा जिला प्रशासन द्वारा शुरू

किए गए पोषण संजीवनी अभियान ने गंभीर कुपोषण के खिलाफ एक निर्णायक और प्रभावी जंग छेड़ दी है। यह अभियान इस बात का जीवंत प्रमाण बन गया है कि जब जिला प्रशासन और समाज की संवेदनशील ताकतें एक साथ कदम बढ़ाती हैं, तो कठिन से कठिन सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान सहज संभव हो जाता है। अमूमन यह देखा जाता है कि पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में उपचार के बाद जब बच्चे घर लौटते हैं, तो परिवारों की सीमित आर्थिक क्षमता और माताओं में पोषण संबंधी जागरूकता की कमी के कारण वे दोबारा कुपोषण चक्र में फंस जाते हैं। जून 2025 में हुए एक व्यापक सर्वे के दौरान जिले में 1,307 गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान होने पर समस्या की गंभीरता और स्पष्ट हो गई। इसी चुनौती को एक बड़े अवसर में बदलते हुए विदिशा जिला कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में पोषण संजीवनी अभियान की परिकल्पना की गई, जिसका मूल ध्येय बच्चों का तात्कालिक उपचार नहीं बल्कि उनका दीर्घकालिक सुपोषण सुनिश्चित करना था। अभियान के तहत प्रत्येक चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चे को तीन महीने तक अतिरिक्त पोषण देने के लिए 3000 मूल्य की विशेष सुपोषण किट प्रदान की जा रही है। उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक तत्वों से भरपूर इस किट में दो किलो मूंगदाल, एक किलो बेसन, पंद्रह सौ ग्राम मुरमुरा, एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो शुद्ध घी, डेड़ किलो मूंगफली, एक किलो गुड़ पाउडर, दो किलो मल्टीग्रेन आटा, एक किलो सत्तू, दो किलो चावल और पांच सौ ग्राम तिल जैसी अत्यंत पौष्टिक सामग्रियां शामिल की गई हैं।

नर्मदापुरम में संत रविदास स्वरोजगार योजना और डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

नवप्रदेश, नर्मदापुरम।

म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। लक्ष्यों की पूर्ति के लिए नर्मदापुरम जिले के पात्र अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन http://www.samast.mponline.gov.in पोर्टल पर किए जा सकेंगे। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित नर्मदापुरम ने बताया कि संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत नए उद्यम शुरू करने के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा। विनिर्माण इकाई के लिए 50 लाख तक और सेवा/खुदरा व्यवसाय के लिए 25 लाख तक की परियोजनाएं शामिल हैं। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए और न्यूनतम 8वीं पास होना जरूरी है। बैंक ऋण पर 5त्न सालाना ब्याज अनुदान 7 साल तक दिया जाएगा। ष्टत्रञ्जरूस्श्व के तहत बैंक गारंटी की फीस भी शासन देगा। इसी प्रकार डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख रुपये तक के स्वरोजगार के लिए ऋण मिलेगा। इसके लिए आयु सीमा 18 से 55 वर्ष रखी गई है। इस योजना में 7% सालाना ब्याज अनुदान 5 साल तक मिलेगा। उक्त दोनों योजनाओं के लिए आवेदन करने के लिए आवेदक म.प्र. का मूल निवासी और अनुसूचित जाति का हो, किसी भी बैंक का डिफॉल्टर न हो, पहले किसी अन्य सरकारी स्वरोजगार योजना का लाभ न लिया हो वह पात्र होगा। योजनाओं का क्रियान्वयन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के माध्यम से होगा। नोडल एजेंसी म.प्र. राज्य सहकारी वित्त एवं विकास निगम, भोपाल है। अधिक जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, पुराना जिला पंचायत भवन, जिला शिक्षा केन्द्र के ऊपर, नर्मदापुरम में संपर्क कर सकते हैं।

शादी का झांसा देकर युवतियों को फंसाने वाला शातिर ठग बेंगलुरु से गिरफ्तार

फर्जी पहचान और दस्तावेजों के सहारे बनाता था रिश्ते

जबलपुर। मैट्रिमोनियल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी पहचान बनाकर युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने वाले एक शातिर आरोपी को महिला थाना पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अलग-अलग नामों और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर खुद को कभी व्यवसायी तो कभी अविवाहित युवक बताकर महिलाओं से संपर्क करता था। पुलिस को उसके पास से विभिन्न नामों के आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं।

पुलिस के अनुसार बिहार निवासी आरोपी का वास्तविक नाम ओम प्रकाश बताया जा रहा है। उसने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर खुद को आदित्य सिंह नाम का व्यवसायी बताकर जबलपुर की एक युवती से संपर्क किया था। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने युवती का विश्वास जीत लिया और शादी का भरोसा देकर कई बार मुलाकात की। इसी दौरान

उसने होटल में ले जाकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी जानकारी के बिना आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो रिकॉर्ड कर लिए।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगता था रुपए

जांच में सामने आया कि आरोपी ने बाद में इन्हीं फोटो और वीडियो के आधार पर युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह व्हाट्सएप कॉल और अन्य माध्यमों से संपर्क कर वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। सामाजिक बदनामी के डर से पीड़िता लंबे समय तक चुप रही, लेकिन प्रताड़ना बढ़ने पर उसने परिवार को पूरी जानकारी दी और पुलिस से शिकायत की।

पहले भी सामने आ चुका है नाम

मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी का मोबाइल नंबर और आधार कार्ड फर्जी थे। यह भी जानकारी मिली कि वह पहले से शादीशुदा है। वर्ष 2022 में गोराबाजार थाना क्षेत्र में दर्ज एक समान प्रकृति के मामले में उसकी पत्नी रेणु का नाम भी सह-आरोपी के रूप में सामने आया था।

साइबर सेल की मदद से बेंगलुरु में दबोचा

पीड़िता की शिकायत के बाद महिला थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर साइबर सेल की सहायता से आरोपी की तलाश शुरू की। तकनीकी जांच के आधार पर उसकी लोकेशन बेंगलुरु में मिली, जहां पुलिस टीम ने कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया। ट्रांजिट रिमांड पर जबलपुर लाकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

न्यूज गैलरी

त्योहारों से पहले पुलिस अलर्ट, ड्रोन से रखी जा रही निगरानी

छिंदवाड़ा। आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन रात्रि गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कप्तान के निर्देशन पर बस स्टैंड, गुलाबरा और कर्बला चौक सहित शहर के प्रमुख इलाकों में पुलिस बल ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई, जिससे संदिग्ध गतिविधियों और सार्वजनिक स्थानों पर जुट रही भीड़ पर नजर रखी जा सके।अभियान के दौरान पुलिस ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों से रात में अनावश्यक रूप से भीड़ न लगाने और समय पर घर लौटने की अपील की।

महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने वाला आरोपी गिरफ्तार

छिंदवाड़ा। चांद थाना क्षेत्र के शहपुरा में महिला से हुई चैन स्नेचिंग के मामले का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब डेढ़ लाख रूपए का माल मशरूका बरामद किया गया है। मामले में चांद थाना प्रभारी राकेश बघेल ने बताया कि 5 जून को यहां रहने वाले प्रगतिबाई अपनी स्कूटी से बेटी के साथ चांद लौट रही थी। इसी दौरान शहपुरा से पहले मुख्य मार्ग की पुलिया के पास एक बिना नंबर की स्कूटी पर सवार अज्ञात युवक ने उनकी स्कूटी के पास आकर झपट्टा मारते हुए गले में पहनी सोने की चैन और पेंडल, जिसकी कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये छीन लिया और छिंदवाड़ा की तरफ भाग निकला था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के दुकानदारों, राहगीरों और बस चालकों से पूछताछ की तथा संदिग्ध नीली स्कूटी की तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान हरिओम नरवरे (26) निवासी ग्राम भांडखापा, चौकी उमरानाला, जो वर्तमान में कुसमेली टेकड़ी में रह रहा था को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। टीआई ने बताया कि आरोपी के कब्जे से सोने की चैन और घटना में प्रयुक्त स्कूटी सहित डेढ़ लाख रूपए का माल मशरूका बरामद कर उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस टीम होगी पुरूस्कृत: चैन स्नेचिंग के आरोपी को पकड़ने वाली टीम में शामिल टीआई के अलावा आ सुरेंद्र बघेल, मयंक रघुवंशी, विवेक बघेल, नीरज बघेल, सायबर सेल के प्रआ नितिन ड्क्षसह और आरक्षक आदित्य रघुवंशी को पुलिस कप्तान ने पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

बिजली कंपनी द्वारा शिविर लगाकर किया जा रहा बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण

सीहोर। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। महाप्रबंधक श्रीमती पूनम तुमराम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। विद्युत वितरण केन्द्रवार बनाए गये कलस्टरों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

08 जून को इन स्थानों पर लगेंगे शिविर: अभियान के अंतर्गत 08 जून को सीहोर संभाग अंतर्गत ग्राम जमोनिया तालाब, शिकारपुर, मुस्करा, पडली, सीहोर शहर के वार्ड 19, वार्ड 10 एवं आष्टा संभाग अंतर्गत ग्राम शेखुखेड़ा, बेदाखेड़ी, आष्टा शहर के वार्ड नं. 08, ग्राम किल्लोद में शिविर लगाए जायेंगे

श्यामपुर में धूमधाम से मनाया गया विश्व साइकिल दिवस

सीहोर। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को ग्राम पंचायत श्यामपुर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में पंचायत पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच नवीन ताराचंद चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली राम चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैंड तक निकाली गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने साइकिल चलाओ, प्रदूषण भगाओ और स्वस्थ रहो, साइकिल चलाओ के नारे लगाए। रैली में सरपंच नवीन चौहान, सचिव मुकेश पाटीदार, सहायक सचिव संतोष मालवीय,उपसरपंच प्रदीप पुष्पद, पंचगण मलखान भाटी, कालूराम शाक्य, समीम खान, मुबीन खान, राघवेंद्र राजपूत, राकेश माहेश्वरी, मनोज श्रीवास्तव, गोपाल माहेश्वरी, राजेंद्र सिंह हाड़ा, फराज खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सरपंच नवीन चौहान ने बताया कि साइकिल पर्यावरण के अनुकूल साधन है। इसके उपयोग से प्रदूषण कम होता है और स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अपने दैनिक कार्यों के लिए पैदल या साइकिल का उपयोग करें।

अनुसूचित जाति वर्ग की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कानूनों की जानकारी आवश्यक : श्री कैलाश जाटव

नवप्रदेश, जबलपुर।

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने कहा है कि अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा तथा उनके लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी होना आवश्यक है।

वे जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री जाटव ने कहा कि भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति के अधिकारों की सुरक्षा तथा उनके हितों के संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन में आयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि कानूनों और नियमों का अध्ययन कर तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखेंगे तो संबंधित विभागों के समक्ष समस्याओं का निराकरण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

श्री जाटव ने कहा कि आयोग को प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। इसलिए समाज के प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों, विकास कार्यों तथा अनुसूचित जाति वर्ग के हितों से संबंधित सुझाव आयोग तक पहुंचाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि समस्याओं एवं मांगों से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों का संकलन कर आयोग को उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनका प्रभावी परीक्षण एवं निराकरण किया जा सके।

आयोग अध्यक्ष ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में समाज के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इसके साथ ही उन्होंने मप्र अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम 1995 के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे तथा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के कार्यों एवं अधिकारों की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के जन्मदिन पर दादा गुरू के सानिध्य में बही भक्ति की बंयार!

नवप्रदेश, नर्मदापुरम।

मीनाक्षी चौक पर प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति, देर रात तक आयोजन....

नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के जन्मदिवस सहित मीनाक्षी चौक के सौंदर्यीकरण, इच्छापूर्ति मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होने, 5 जून पर्यावरण दिवस पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मीनाक्षी चौक स्टेडियम में तब्दील हो गया। हरेक गीत पर श्रोतागण देर रात तक थिरकते रहे। श्रोताओं से खचाखच भरे इस आयोजन में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। देर रात तक श्रोताओं ने प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के भक्तिगीतों का आनंद लिया। स्वागत भाषण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा दिया गया। संचालन रोहित गौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष नीतू यादव, मंदिर समिति के अध्यक्ष महेंद्र यादव द्वारा सभी अतिथिगणों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निराहारी संत दादा गुरू, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पूर्व विधायक सविता दीवान, इच्छापूर्ति मंदिर के अध्यक्ष महेंद्र यादव, हंस राय, मंदिर समिति के सदस्यगण, दादा गुरू परिवारगण, भाजपा नेतागण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि विश्वास सारंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने लिए नहीं, हम हमारे परिवार के लिए नहीं, हम पूरे विश्व के कल्याण की बात करते हैं। यही सनातन की शक्ति की है। दादा गुरू ने पूरी दुनिया में सनानत का परचम लहराया है। दादा गुरू ने एक ओर धर्म की पताका लहराई वहीं पर्यावरण संरक्षण की बात भी की है। आज पर्यावरण दिवस पर दादा गुरू के सानिध्य में बड़ा कार्यक्रम आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को निराहारी संत दादा गुरू और सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम को लेकर आम नागरिकों और श्रोताओं में भारी उत्साह उत्साह देखा गया।

जिले में कंपोजिट मदिरा दुकानों से अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किए जाने पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

नवप्रदेश, नर्मदापुरम।

नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में संचालित कंपोजिट मदिरा दुकानों पर मदिरा विक्रय शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य (एमआरपी) से अधिक मूल्य पर किए जाने की शिकायतों के संबंध में आबकारी विभाग द्वारा सतत निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न निरीक्षणों एवं शिकायतों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ कंपोजिट मदिरा दुकानों पर मदिरा का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर किया जा रहा था। उक्त प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु घोषित आबकारी नीति के अनुसार विभिन्न मदिरा दुकानों पर कुल 14 लाख 25 हजार 634 रुपए की अर्थदंडात्मक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के अंतर्गत जिले की विभिन्न दुकानों पर प्रकरण दर्ज कर शास्ति अधिरोपित की गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आगामी समय में भी जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों पर सतत निगरानी एवं कार्यवाही जारी रहेगी।

युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 11 जून 2026 को

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 11 जून 2026 को शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर मिश्रा द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर मिश्रा द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व अपर कलेक्टर नर्मदापुरम बृजेन्द्र रावत को सौंपा है। तथा रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

नर्मदापुरम में बाल श्रम के खिलाफ चला संयुक्त अभियान, एक बाल श्रमिक मुक्त

नवप्रदेश, नर्मदापुरम।

बाल श्रम की रोकथाम और बच्चों को शोषण से बचाने के उद्देश्य से नर्मदापुरम के गैरिज लाईन क्षेत्र में जिला टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित इस अभियान के दौरान एक संस्थान से बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 14 वर्ष तक के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक श्रेणी के कार्यों जैसे खाने, ज्वलनशील पदार्थों, विस्फोटकों और अन्य परिसंकटमय प्रक्रियाओं में नियोजित

करना कानूनन अपराध है। श्रम निरीक्षक सु सरिता साहू ने बताया कि बाल श्रम कराना संज्ञेय अपराध है। नियम तोड़ने वाले नियोजक को न्यूनतम छह माह से दो वर्ष तक का कारावास या 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना, अथवा दोनों सजाएं हो सकती हैं। भ्रमण के दौरान न्यू गैरिज लाईन स्थित इन्दौर इंजिनियरिंग वर्क्स में एक बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया। तत्काल अधिनियम के तहत विमुक्ति की कार्रवाई की गई। मुक्त कराए गए बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में श्रम निरीक्षक सु सरिता साहू, ललिता मेहरा स्छ्वक्क कोतवाली थाना से प्रधान आरक्षक भुजराम सिंह, आरक्षक मंजू मसकोले, बाल कल्याण अधिकारी रहीस पटैल, महिला बाल विकास विभाग से मलखान यादव, पवन गोहते एवं भूपेन्द्र यादव शामिल रहे।

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में ग्राम डोंगरवाडा, तहसील नर्मदापुरम में प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए गए, जिन्हें मौके पर जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिले को जलभराव से मुक्त रखने युद्ध स्तर पर चल रहा नालों-नालियों की सफाई एवं गहरीकरण अभियान

वर्षा ऋतु से पूर्व नगर पालिका प्रशासन अलर्ट मोड पर

नवप्रदेश, नर्मदापुरम।

आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में जलभराव एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से जिले भर में नगरीय प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष सफाई एवं गहरीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के सख्त एवं स्पष्ट निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका अमला पूरी सक्रियता और मुस्तैदी के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। कलेक्टर मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व सभी छोटे-बड़े बरसाती नालों एवं नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उनके निर्देशों के बाद नगर पालिका की टीमें लगातार

मैदानी स्तर पर निरीक्षण एवं सफाई कार्य में जुटी हुई हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पूर्व वर्षों में जलभराव की समस्या सामने आई थी। ऐसे संवेदनशील इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर नालों की सफाई, गहरीकरण एवं अवरोध हटाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत नालों में जमी गाद, प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य ठोस अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। सफाई कार्य में मैन्युअल तरीके के साथ-साथ आधुनिक मशीनों एवं संसाधनों का भी उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य आवश्यक उपकरणों के माध्यम से बड़े नालों का गहरीकरण कराया जा रहा है, जिससे वर्षा जल की निकासी तेजी एवं सुचारू रूप से हो सके। इससे सड़कों, बाजार क्षेत्रों एवं रिहायशी इलाकों में पानी भरने जैसी समस्याओं में काफी हद तक कमी आएगी। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। साथ ही सफाई कार्यों की निरंतर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संसाधन भी लगाए जा रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे नालियों एवं नालों में प्लास्टिक, घरेलू कचरा अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न फेंकें। नागरिकों के सहयोग से ही शहर की स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जा सकता है। नगरीय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में भी यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा जहां कहीं भी जल निकासी में बाधा पाए जाने की सूचना मिलेगी, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सुविचार

जब निर्णय किसी के बहकावे में लिए जाते हैं तो उसका पछतावा कई पीढ़ियों तक चलता है। आज भी उन घरों में कैकेयी विद्यमान हैं जहां कान ज्यादा खुले होते हैं

कॉकरोचों का फ्लाप शो

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके अमेरिका से दिल्ली पहुंचे और जंतर मंतर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कुछ घंटों का प्रदर्शन किया जो बुरी तरह फ्लाप रहा। सोशल मीडिया पर 2 करोड़ फॉलोवर होने का दावा करने वाले दीपके के अव्हान पर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर 2000 कॉकरोच भी नहीं जूट पाये इन कॉकरोचों से तो ज्यादा संख्या में तमाशबीन एकत्रित हुए थे जो कॉकरोच जनता पार्टी की इस नौटंकी का नाजारा करने गये थे जिस जेन जी को इस कथित आंदोलन से जोड़ने का दम भरा जा रहा था वह जेन जी वहां पहुंचा ही नहीं क्योंकि वह नीट की अगली परीक्षा की तैयारी में जुटा हुआ था। उनके जगह वहां अधेड़ और बूढ़े लोग ज्यादा दिखे जो मोदी सरकार के खिलाफ जहर उगलते रहे। इस आंदोलन के दौरान शिक्षा मंत्री से इस्तीफे तो की मांग की गई लेकिन टुकड़े टुकड़े गैंग के अधेड़ छात्र हम लेके रहेंगे आजादी के नारे ज्यादा लगाते रहे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली भी देते रहे। वहीं ढफलीबाज गैंग ढफली बजाकर लोगों का मनोरंजन करते रहे। इस प्रदर्शन के दौरान नर ज्यादा थे और नारी कम थी और ऐसे लोग भी थे जो न नर थे न नारी थे। ये लोग सोशल मीडिया पर ज्यादा सुर्खियां बटोरते रहे। वहां पहुंचे तमाशबीने को यह समझ भी नहीं आया कि यह आंदोलन आखिर किस बात को लेकर हो रहा है वहां जुटे लोग अपनी अपनी ढफली पर अपना अपना राग अलापते रहे और फिर कम भीड़ को देखकर कुछ ही घंटों में कॉकरोचों का यह आंदोलन खत्म हो गया। कड़ी धूप के कारण अमेरिका से भारत पहुंचा बड़ा कॉकरोच अभीजीत दीपके तो बेहोश होते होते बचा। जिसे आनन फानन में ले जाकर बैठाया गया। वही कॉकरोच जनता पार्टी का युवा राष्ट्रीय प्रवक्ता गर्मी से बेहाल होकर आईस्क्रीम खाता दिखा जिसे एक बुजुर्ग कॉकरोच हाथ पंखे से हवा दे रहा था। कुल मिलाकर इन कॉकरोचों का यह प्रदर्शन बुरी तरह फ्लाप रहा। इन लोगों ने सोचा था कि अभिजीत दीपके जब दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचेगा तो उसे पुलिस गिरफ्तार कर लेगी और इन कॉकरोचों को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्योंकि नियमानुसार धरना प्रदर्शन के लिए दो दिन पहले अनुमति लेनी पड़ती है। किन्तु सरकार ने न तो अभिजीत दीपके को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया और न ही धरना प्रदर्शन की अनुमति देने में हिल हवाला किया। उन्हें तत्काल अनुमति दे दी गई। इससे कॉकरोचों का पूरा प्लान फेल हो गया। उन्होंने सोचा था कि अनुमति नहीं मिलेगी तो वे नई दिल्ली में जमकर बवाल काटेंगे और फिर युवाओं के बीच यह संदेश पहुंचाएंगे कि सरकार कॉकरोचों से डर गई और उनके खिलाफ दमनचक्र चला रही है किन्तु सरकार ने ऐसा रास्ता चुना की सांप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी। इससे सबसे ज्यादा निराशा उन विपक्षी पार्टियों को हुई है जिन्होंने इन कॉकरोचों से यह उम्मीद पाल रखी थी कि वे एक नई क्रांति करने में सफल हो जाएंगे और फिर देश में युवाओं को भड़का कर अराजकता का माहौल बनाने का उनका मनसूबा पूरा हो जाएगा। किन्तु देश का युवा नेपाल और बंग्लादेश के सिरफिरे युवाओं की तरह बेवकूफ नहीं है उसने पहले ही इन कॉकरोचों को असली चेहरा देख लिया था और इनकी मंशा भी भांप ली थी नई दिल्ली में अराजकता और भ्रष्टाचार का कुशासन फैलाने वाली आम आदमी पार्टी ने ही अपने पुराने पिट्ठू अभिजीत दीपके को सामने लाकर कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से यह नया प्रोपेगेंडा खड़ा किया था। जिसका पहले ही पर्दाफाश हो चुका है। इन कॉकरोचों के इस फ्लाप शो का संदेश स्पष्ट है कि भारत का जेनजी मूर्ख नहीं है। और भारत में बंग्लादेश व नेपाल जैसे हालात बनाने की कोशिशें कभी कामयाब नहीं हो पाएंगी। सोशल मीडिया से उपजे इस आंदोलन की विफलता से यह बात भी साफ हो गई है कि सोशल मीडिया की और जमीनी लड़ाई में बहुत अंतर होता है। बहरहाल राष्ट्रविरोधियों का यह षडयंत्र देश के जेन जी ने विफल करके उनके मुंह पर करारा तमाचा जड़ा है।

सद्‌गुरू बोधामृतम्



सद्‌गुरू ऋतेश्वर

प्रयास करो काम क्षेत्र में न रहकर राम क्षेत्र में रहो। साधक को कभी रिस्क नहीं लेना चाहिए; पूर्णता जैसे एक शिशु अपने मां पर आश्रित रहती है, शिष्य को भी पूर्ण रूप से उस शिशु की तरह समर्पित अपने गुरु के रहना चाहिए। जा पर कृपा साहिब की होई। ता पर कृपा करे सब कोई।। जो शब्दों से परिचय करा दे उन्हें शब्द गुरु कहते है. टीचर ! पर जो आत्मा से परिचय करा दे उसे सद्?गुरु कहते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1659: दादर के बलूची प्रमुख जीवन खान ने दारा शिकोह को धोखे से औरंगजेब के हवाले कर दिया। 1720: स्वीडन और डेनमार्क ने तीसरी स्टॉकहोम संधि पर हस्ताक्षर किए। 1752: ब्रिटिश सेना ने त्रिचिनोपोली में ब्रिटिश के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1789: स्पेन ने वैंकूवर द्वीप के निकट ब्रिटिश जहाजों पर कब्जा किया। 1900: स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा का रांची जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में निधन। 1940: नार्वे ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण किया। 1956: अफगानिस्तान में जबर्दस्त भूकंप से 400 लोगों की मौत। 1960: चीन में तूफान से कम से कम 1,600 लोगों की मौत। 1964: जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री ने देश के प्रधानमंत्री का पद संभाला। 1970: जॉर्डन के शाह हुसैन के वाहन पर गोलियां चलाई गईं। शाह हुसैन तो बच गए, लेकिन उनके वाहन चालक को चोट आई।

एआई के जमाने में स्कैम का बढ़ता तांडव

अभिषेक ढाडसे

तकनीक हर युग में दोधारी तलवार रही है। जिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को हम मानव सभ्यता की सबसे बड़ी छलांग बताकर गर्व कर रहे हैं, वही आज ठगों के हाथ में सबसे घातक हथियार बन चुका है। पहले ठग आपकी जेब काटता था, फिर आपका बैंक खाता, और अब वह आपकी आवाज़, आपका चेहरा और आपके अपनों का भरोसा तक चुरा रहा है। यह सिर्फ अपराध की एक नई शैली नहीं है, यह भरोसे की पूरी संस्कृति पर हमला है।

पुराने ठग, नए नकाब

स्कैम कोई नई चीज़ नहीं। बदला सिर्फ़ इतना है कि अब इनके चेहरे ज़्यादा भरोसेमंद और तरीके ज़्यादा बारीक हैं। आज भी सबसे ज़्यादा लोग इन्हीं पुराने जालों में फँसते हैं:

OTP और KYC फ्रॉड: बैंक या वॉलेट का अधिकारी बनकर फोन आता है, और "खाता बंद हो जाएगा" का डर दिखाकर OTP माँग लिया जाता है।

फर्जी लोन ऐप्स: चंद मिनटों में कर्ज़ का लालच, और फिर मोबाइल का सारा डेटा चुराकर ब्लैकमेलिंग।

लॉटरी और इनाम: "आपकी दस लाख की लॉटरी लगी है" वाला वही पुराना झाँसा, जो आज भी चल रहा है।

नौकरी और वर्क फ्रॉम होम घोटाले: बेरोज़गार युवाओं को रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर लूटना।

डिजिटल अरेस्ट: खुद को CBI, ED या पुलिस बताकर वीडियो कॉल पर घंटों डराना और लाखों रुपये ऐंठ लेना। यह बीते दो साल का सबसे ख़तरनाक चलन रहा है।

इन सबमें एक बात समान है: अपराधी आपकी जानकारी नहीं, आपका डर और आपकी हड़बड़ी इस्तेमाल करता है।

और अब, मशीन की चालाकी

असली चिंता यहाँ से शुरू होती है। AI ने ठगी को निजी और भावनात्मक बना दिया है। अब आपको कोई अनजान नंबर नहीं डराता, अब आपका अपना बेटा "रोते हुए" फोन करता है।

वॉइस क्लोनिंग: महज़ कुछ सेकंड की रिकॉर्डिंग से किसी की हूबहू

आवाज़ बना ली जाती है। फिर माँ के पास बेटे की आवाज़ में फोन आता है, "मम्मी, एक्सीडेंट हो गया, तुरंत पैसे भेजो।" घबराई हुई माँ सोचने का मौका ही नहीं पाती।

डीपफेक वीडियो कॉल: अब तो चेहरा भी नकली बनाया जा सकता है। स्क्रीन पर आपका रिश्तेदार या कोई बड़ा अधिकारी दिखता है, बोलता है, और आप मान लेते हैं कि सच है।

नकली निवेश और हस्तियों के डीपफेक: किसी मशहूर उद्योगपति या अभिनेता का फर्जी वीडियो बनाकर "गारंटीड रिटर्न" वाली स्कीम बेची जाती है।

रोमांस और प्रेडशिप स्कैम: AI से बने झूठे चेहरे और चैटबॉट महीनों रिश्ता निभाते हैं, और फिर भावनाओं के सहारे पैसे निकाल लेते हैं।

AI फिशिंग: अब ठगी के ईमेल और मैसेज में न वर्तनी की गलती होती है, न भाषा की कमज़ोरी। मशीन उन्हें बिल्कुल असली बना देती है।

बचाव: तकनीक से नहीं, समझदारी से

यहाँ सबसे बड़ी बात समझने की है। इन हमलों का जवाब किसी महँगे सॉफ्टवेयर में नहीं, आपकी सतर्कता और कुछ साधारण आदतों में छिपा है।

परिवार के लिए एक "सुरक्षा शब्द" तय करें। यह सबसे कारगर उपाय है। घर के सब सदस्य मिलकर एक ऐसा शब्द या सवाल तय कर लें, जो सिर्फ आपस में पता हो। जब भी आवाज़ में या वीडियो कॉल पर पैसे या मदद की कोई आपात माँग आए, वही शब्द पूछ लें। आवाज़ नकली हो सकती है, चेहरा नकली हो सकता है, पर वह गुप्त शब्द ठग के पास नहीं होगा।

बाकी कुछ बुनियादी नियम, जो हर परिवार को घर की दीवार पर लिख लेने चाहिए:

रुकिए, फिर सोचिए। हर स्कैम की जान "जल्दी करो" में बसती है। जहाँ हड़बड़ी, वहाँ धोखे की आशंका।

OTP, पिन और पासवर्ड किसी से साझा न करें। कोई भी असली बैंक या सरकारी संस्था इन्हें कभी फोन पर नहीं पूछती।

दूसरे ज़रिये से पुष्टि करें। बेटे की आवाज़ में कॉल आए, तो काटकर उसके अपने नंबर पर वापस फोन करें।

"डिजिटल अरेस्ट" जैसी कोई चीज़ कानून में होती ही नहीं। कोई पुलिस या एजेंसी वीडियो कॉल पर आपको घर में बंद नहीं रख सकती। ऐसा कॉल आते ही समझ जाइए कि ठग है।

गारंटीड रिटर्न एक झूठ है। दोगुना पैसा कमाने का हर वादा अंततः आपकी पूँजी डुबोने के लिए होता है।

अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अनजान ऐप इंस्टॉल न करें।

बुज़ुर्गों से बात करें। सबसे ज़्यादा निशाने पर वही हैं जो तकनीक से कम परिचित हैं। उन्हें डाँटिए मत, समझाइए।

और अगर ठगी हो ही जाए, तो शर्म में चुप मत रहिए। तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएँ। पहले कुछ घंटे ही पैसा रोकने की असली खिड़की होते हैं।

आखिरी बात

AI न अच्छा है, न बुरा। वह उतना ही है जितना इस्तेमाल करने वाला हाथ। मशीन तो आवाज़ नकल कर सकती है, चेहरा गढ़ सकती है, पर वह आपके परिवार का वह साझा भरोसा नहीं चुरा सकती जो आपने सालों में बनाया है। तकनीक के इस तूफ़ान में हमारा सबसे मज़बूत कवच कोई ऐप नहीं, बल्कि एक ठहरा हुआ दिमाग और जागरूक परिवार है।

ठग की ताक़त हमारी जल्दबाज़ी है। उसका इलाज सिर्फ़ एक है: ठहरिए, पूछिए, और तब भरोसा कीजिए।

मौसम संबंधी रुकावटों के दौरान ट्रैवल इंश्योरेंस क्या-क्या कवर करता है

राकेश कौल
चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर

यात्रा हमेशा नई जगहों को खोजने, नए लोगों से मिलने और अनजान रास्तों पर कदम रखने का रोमांच और उत्साह लेकर आती है। लेकिन आज के दौर में, उस उत्साह के साथ अनिश्चितता का एक डर भी जुड़ गया है। अचानक आए तूफान, भीषण गर्मी, बाढ़ और जंगलों की आग जैसी चरम मौसमी घटनाएं यात्राओं को काफी प्रभावित कर रही हैं। ये रुकावटें न केवल हमारे यात्रा कार्यक्रम को बिगाड़ती हैं, बल्कि इस पर भी असर डालती हैं कि यात्री कैसे योजना बनाएं, कैसे तैयारी करें और अपने पैसे की सुरक्षा कैसे करें। यहीं पर ट्रैवल इंश्योरेंस काम आता है, जो प्रकृति की अनिश्चितताओं के सामने एक व्यावहारिक सुरक्षा कवच की तरह है।

खराब मौसम के कारण यात्रा में रुकावट आने पर मिलने वाला कवरेज:

ट्रिप कैंसलेशन: अगर खराब मौसम के कारण आपकी यात्रा कैंसल हो जाती है, तो इंश्योरेंस नॉन-रिफंडेबल लागतों जैसे फ्लाइट, होटल या टूर के खर्चों को रीइम्बर्समेंट करता है।

फ्लाइट में देरी: जब देरी एक तय लिमिट (आमतौर पर 3-6 घंटे) से अधिक होती है, तो पॉलिसी के तहत प्रतीक्षा अवधि के दौरान भोजन, होटल में रहने या अन्य आवश्यक सुविधाओं को कवर किया जाता है।

कनेक्टिंग फ्लाइट छूट जाना: अगर खराब मौसम के कारण आपकी कनेक्टिंग फ्लाइट छूट जाती है, तो इंश्योरेंस आपके गंतव्य तक पहुंचने पर होने वाले अतिरिक्त यात्रा या लॉजिंग के खर्चों का भुगतान करता है। उदाहरण के लिए, बर्फबारी के कारण आपकी पहली फ्लाइट में देरी हो जाती है और आपकी आगे की इंटरनेशनल फ्लाइट छूट जाती है। ऐसी स्थिति में, पॉलिसी रीबुकिंग और रातभर ठहरने की लागत को कवर करती है।

यात्रा बीच में छोड़ना: अगर खराब मौसम की वजह से आपको अपनी यात्रा बीच में ही रोकनी पड़ती है, तो इंश्योरेंस कंपनी होटल बुकिंग या टूर जैसे इस्तेमाल नहीं हो पाए प्रीपेड खर्चों को रीइम्बर्स करती है।

अतिरिक्त आवास: डाइवर्जन या देरी होने पर रात भर रुकने का खर्च "ट्रिप इंटरप्शन" के तहत कवर किया जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी फ्लाइट तूफान के कारण किसी अन्य शहर में डाइवर्ट की जाती है और आपको रात में वहीं रुकना पड़ता है, तो रसीदें और एयरलाइन डॉक्यूमेंटेशन सबमिट करके पर पॉलिसी होटल में ठहरने का खर्चा रीइम्बर्स करती है।

सामान मिलने में देरी से सुरक्षा: अगर फ्लाइट का रास्ता बदलने या एयरपोर्ट बंद होने के कारण आपका सामान मिलने में देरी होती है, तो यह सुविधा आपके बैग आने तक कपड़े, टॉयलेट्री और अन्य ज़रूरी चीज़ें खरीदने के लिए खर्च की गई राशि का कवर देती है। उदाहरण के लिए, अगर भारी कोहरे के कारण आपका सामान 24 घंटे की देरी से आता है, तो आप ज़रूरी चीजें खरीद सकते हैं और रीइम्बर्समेंट प्राप्त कर सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन से अपनी यात्रा को कैसे सुरक्षित रखें:

सही कवरेज चुनें: ऐसी इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी चुनें जिसमें तूफान, बाढ़ और चक्रवात जैसी मौसम संबंधी घटनाओं से सुरक्षा शामिल हो। सुनिश्चित करें कि पॉलिसी इन घटनाओं के कारण होने वाली ट्रिप कैंसलेशन, देरी और इमरजेंसी मेडिकल खर्चों को कवर करती हो।

मौसम और यात्रा संबंधी सलाहों के बारे में अपडेट रहें: प्राकृतिक आपदाओं और खराब मौसम के कारण संभावित फ्लाइट कैंसलेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्थानीय मौसम रिपोर्ट, सरकारी ट्रैवल एडवाइजरी और एयरलाइन द्वारा दिए जाने वाले अलर्ट्स को नियमित रूप से देखते रहें। ध्यान दें कि ट्रैवल पॉलिसी जारी करने से पहले ही जिन घटनाओं के बारे में सार्वजनिक रूप से जानकारी मिल चुकी हो, उनके लिए यात्रा या फ्लाइट कैंसल होने का क्लेम नहीं किया जा सकता है।

डॉक्यूमेंट संभाल कर रखें: अपनी बुकिंग, टिकट और खर्चों की रसीदों की कॉपी सुरक्षित रखें, क्योंकि मौसम की वजह से यात्रा कैंसल होने या देरी होने पर क्लेम प्रोसेस करने के लिए इंश्योरेंस कंपनी को इन डॉक्यूमेंट्स की ज़रूरत होती है। अपने फोन पर या क्लाउड स्टोरेज में डिजिटल कॉपी स्टोर करना काफी उपयोगी साबित हो सकता है।

अपने इंश्योरेंस प्रदाता से संपर्क करें: अगर मौसम की वजह से आपकी यात्रा में कोई रुकावट आती है, तो तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसकी सूचना दें। तुरंत सूचना देने से क्लेम की प्रक्रिया तेज़ी से पूरी हो सकती है और यह सुनिश्चित होता है कि ज़रूरत पड़ने पर आपको इमरजेंसी सहायता समय पर मिल सके।

विदेश यात्रा की योजना बनाते समय ट्रैवल इंश्योरेंस बहुत ज़रूरी है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज अब अनिश्चित हो गया है। एक कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसी आपको यात्रा कैंसल होने पर महंगे खर्चों, हेल्थ इमरजेंसी और अप्रत्याशित देरी से सुरक्षित कर सकती है, जिससे आपको मौसम से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास मिलता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आपसी रिश्तों में हैं छल-छंद कितने। एक तरफा भी चलें सम्बन्ध कितने। मित्रता के मध्य भी मतलब परस्ती, टूटते हैं स्वार्थवश अनुबंध कितने। कौन रखता याद पन्ना धाय को अब, मान पाते मीर तो जयचंद कितने। थाम लेते हैं प्रगति गति देशद्रोही, रोज सड़कें जाम, हिंसा, बन्द कितने। है नहीं परवाह भी कानून की अब, कुछ अराजक तत्व हैं स्वच्छंद कितने। मीनवत सड़ कर प्रदूषित जल करें जो, स्वच्छ सर में कर रहे दुर्गंध कितने। कह न पाये 'हरि' ग़ज़ल में पीर जन की, तुम कहो शायर भरोसेमंद कितने। – हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'

करेंगे काम तो रोजी औ मर्तबा हासिल वो कोकरोच बने यार क्या मुसीबत है। बदलने झेन जी सिस्टम को आज थे निकले सडक पे नर है बने नार क्या मुसीबत है।

– सतीश मैथिल तनुज

समय की डोर हो या बात हो रिश्ता निभाने की पकड़ना भी नहीं चाहती हूं छोड़ा भी नहीं जाता मेरी सादादिली है ये या फिर मनमर्जियाँ मेरी जुड़ा हो मन कही तो रब्त तोड़ा भी नहीं जाता।

– पूजा बंसल



शम'अ से उल्फ़त रिस्की है, ये जुनूनो रग़बत रिस्की है। गफ़लत में बर्क़-ए-जमाल छूआ, अब उसकी हालत रिस्की है। नज़रों से दिल की बात कहो, होठों की दावत रिस्की है। प्यार है हमसे,साफ़ कहो ना, इज़हार में लुक्नत रिस्की है। पक जाने दो इश्क़ की मिट्टी, उल्फ़त में उजलत रिस्की है। क्या, तुम चाँद उठा लाओगे, देखो ये जुरअत रिस्की है।

– रूबी झा 'कमल'



स्वार्थ की डोर से बंधे रिश्ते, साथ तो चलते हैं, पर अपने नहीं होते। ज़रूरत की धूप में पास आ जाते हैं, मगर दुःख की छाँव में कहीं खो जाते हैं। जो मित्रता को लाभ-हानि में तौलते हैं, वे दिल नहीं, अवसरों को टटोलते हैं। सच्चे मित्र तो बिना कारण साथ निभाते हैं, स्वार्थी लोग बस काम पड़ने पर याद आते हैं।

– निभा चौधरी

लाता है खबरें नई ,रोज़ सुबह अखबार। कहीं जताए प्यार वह,कहीं करे तकरार।। कहीं करे तकरार ,बताए कैसा मौसम। खेती, कारोबार ,खेल की खबरें हमदम। बाँटे सबको ज्ञान, मनोरंजन करवाता। हर दिन, पूरे साल,ढूँढकर खबरें लाता।।

– डॉ बिपिन पाण्डेय

ससफलता प्राप्त करना एक नए जीवन को प्राप्त करना हैं। अतएव एक नए जीव से जन्म की पसव पीड़ा को तो भोगना ही पड़ेगा। सफलता बहुत बलिदान माँगती है। निश्चय दृढ़ है,तो सफलता भी निश्चित है। मेरे दोस्त संकल्प ठानों,आत्म विश्वास जगाओं, दृढ़ निश्चय करों,और आगे बढो। सफलता तुम्हारे पास अवश्य आएगी। एक बार निर्णय कर लेने पर विश्व की कोई सत्ता दृढ़ निश्चयी व्यक्ति को नही रोक सकती है।

– हेमा पांडेय

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन संतुलित और सुखद रहेगा। धार्मिक माहौल में समय बिताने का मौका मिलेगा। नौकरी में मेहनत का फल प्रमोशन या प्रशंसा के रूप में मिल सकता है।

वृषः आज का दिन लाभ देने वाला रहेगा। परिवार में शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी आपकी होगी। किसी जरूरी बात को हर किसी से शेयर न करें। क्रिएटिव कामों में रुचि बढ़ेगी और मन कुछ नया करने का करेगा।

मिथुनः आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। मुश्किलें आएंगी, लेकिन आप उनका डटकर सामना करेंगे। नया बिजनेस शुरू करने का विचार मन में आ सकता है।

कर्क: आज खर्चे अचानक बढ़ सकते हैं, जिससे थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो फिलहाल रुकना ही समझदारी होगी।

सिंह: आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बेहद अच्छा है। रिश्तों में प्यार और अपनापन बढ़ेगा, जिससे घर का माहौल खुशहाल रहेगा। बिजनेस में बदलाव करने से बचें।

कन्या: आज कामकाज में नई ऊंचाइयां छूने का मौका मिलेगा। परिवार में तालमेल और प्यार बना रहेगा। किसी दूर रहने वाले अपने की याद भावुक कर सकती है। जीवनसाथी के साथ मिलकर संतान के भविष्य को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

तुला: आज चुनौतियां थोड़ी ज्यादा रहेंगी। जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है। पैसों के मामलों में किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। बिजनेस में पार्टनरशिप करने से बचें। यात्रा की योजना बन सकती है।

वृश्चिकः आज धैर्य और शांति बनाए रखना आपके लिए सबसे जरूरी होगा। थकान और मानसिक बोझ से राहत मिलेगी। काम के साथ आराम के लिए भी समय निकालें।

धनुः करियर के लिहाज से आज का दिन शानदार रहेगा। तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे विद्यार्थियों को अच्छा अवसर मिल सकता है।

मकरः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। दोस्तों के साथ समय बिताकर मन हल्का होगा। छिपे हुए विरोधियों से थोड़ा सतर्क रहें। दिखावे में ज्यादा पैसा खर्च करना नुकसान दे सकता है।

कुंभः आज व्यापार में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन आपकी समझदारी सब संभाल लेगी। दांपत्य जीवन में प्यार और अपनापन बना रहेगा। किसी रिश्तेदार से खुशखबरी मिलने की संभावना है।

मीनः आज का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों पर नोकझोंक हो सकती है। काम में कोई बड़ा रिस्क लेने से बचें।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) अंतरतारकीय माध्यम में बुलबुले जैसी संरचना को क्या कहते है?

2) माउंट एडम्स एक स्ट्रेटोवोल्केनो किस देश में स्थित है?

3) पारंपरिक ज्ञान के संचार और प्रसार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

4) किस काल में तंत्रवाद का उदय हुआ?

5) किस राज्य सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना शुरू की है?

उत्तरमाला- (1) हेलियोस्फीयर (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) गुरुग्राम (4) गुप्त काल (5) छत्तीसगढ़

पहेली

शब्द सामर्थ्य -063

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 062 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

मौसमः 2022 से 16 जून के बाद ही हुई है एंट्री

पिछले कुछ सालों से जिले में बिगड़ रही मानसून की रिदम

नवप्रदेश, छिंदवाड़ा ।

जिले में मानसून का रिदम पिछले कुछ वर्षों में बिगड़ा है। जिले में मानसून की एंट्री का समय भी आगे बढ़ता जा रहा है। पिछले चार सालों में तो जिले मे मानसूनी बारिश की शुरुआत 16 जून के बाद ही हुई है।

इस बार पिछले साल 18-19 जून को मानसून की पहली बारिश जिले में हुई थी। इस बार मानसून चार से पांच दिन लेट बताया जा रहा है। वैसे मौसम के लगातार उतार चढ़ाव और असंतुलित होती पर्यावरणीय हलचलों के कारण मौसम विभाग के पूर्वानुमान गलत साबित हो रहे हैं। गर्मी का मौसम अब जाने को है। धूप कुछ कमजोर हुई है। पिछले 48 घंटों में दिन में भी हवाएं चल रही है। गर्मी से पूरी तरह निजात पाने अब लोगों को अच्छी बारिश का अनुमान है। आमतौर पर मानसून पूर्वी हिस्से से प्रवेश करते हुए छिंदवाड़ा, बालाघाट और डिंडोरी के रास्ते मध्य प्रदेश में आगे बढ़ता है। फिलहाल प्रदेश में कई जगह प्री मानसून की बारिश शुरू हो गई है। जिले में बादलों के साथ हवाएं

भी चल रही है लेकिन दिन में अभी भी धूप चुभ रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जैसे ही मानसून की नमी आगे बढ़ेगी, प्री-मानसून बौछारों के साथ तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाएगी।

2023 में 24 जून प्रवेश हुआ था मानसूनः छिंदवाड़ा और मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्यतः 15 से 25 जून के बीच प्रवेश करता है। छिंदवाड़ा की बात करें तो पिछले साल 2025 में मानसून की एंट्री 18-19 नवंबर को हुई। सन 2024 21 जून को मानसून ने छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों से प्रदेश में प्रवेश किया था। पिछले पांच सालो का रिकार्ड देखें तो 2024 में मानसून की एंट्री सबसे लेट हुई। इस साल 24 जून को मानसूनी बारिश शुरू हुई थी। सन 2022 में 16 जून, 2021 में 9 जून तो 2020 में 14 जून को जिले में मानसून ने प्रवेश किया था।

पर्यावरणीय असंतुलन ने बिगाड़े हालातः जिले की भौगोलिक स्थिति देखें तो यह मैदान, पठारी और पहाड़ी और वन क्षेत्रों वाला अंचल है। हर क्षेत्र में मानसून की बारिश का एक अलग अनुपात यहां रखा गया है। बारिश के मौसम की रिदम जरा भी बिगड़ी तो इन क्षेत्रों के भूजल स्तर के साथ फसल उत्पादन क्षेत्र पर भी प्रभाव दिखता था। पर्यावरण असंतुलन के कारण जिले में भी असंतुलित और खंड-खंड बारिश और पानी बरसने के तय दिनों और अवर्षा के दिनों का अनुपात भी बिगड़ा है। पहाड़ी और पठारी इलाकों में तो ज्यादातर किसान प्राकृतिक बारिश पर ही निर्भर रहते हैं ऐसे में देरी से मानसून का आना और अत्यधिक या कम वर्षा के कारण हालात प्रभावित होते दिखते हैं।

न्यूज गैलरी

शतरंज प्रतियोगिता 21 को

ग्वालियर। ग्वालियर जिला चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में ओपन केटेगरी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 21 जून को महावीर भवन, नई सड़क पर किया जाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष डा. गरिमा गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता 8-9 राउंड में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में ओपन केटेगरी (बालक-बालिका), अंडर-7, 9,11, 13, 15 और वरिष्ठ केटेगरी 55+ में कुल 50 से अधिक श्रेणियों में कुल 51 हजार रुपये के नगद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

लेनडोरी में आवारा कुत्तों का चीतल पर हमला

छिंदवाड़ा.पांढुर्ना के समीप ग्राम लेनडोरी में रविवार का तीन आवारा कुत्तों ने चीतल पर हमला कर उसे घायल कर दिया। चीतल पानी की तलाश में जंगल से भटककर किसान प्रमोद रोडले के खेत में आया था। इसी दौरान आसपास क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया। इस दौरान चीतल ने उसे कई जगह से काट लिया। इसकी सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी पहुंचे। उसे पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया। चीतल के शरीर में घाव है। पशु चिकित्सक इसका इलाज कर रहे है।

बस स्टैंड पर लस्सी का वितरण

छिंदवाड़ा । राजीव गांधी बस स्टैंड के पास रविवार को गर्मी को देखते हुए पंजाबी समाज एवं सिख समाज एवं पंजाबी समाज,सिख समाज के यूथ विंग के सदस्यों ने कच्ची लस्सी छबील का वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष अनिल साहनी, एवं वरिष्ठ सदस्य अशोक राजपूत के साथ समाज के सदस्य एवं सिख समाज के सदस्य उपस्थित रहे। अनुज मल्होत्रा एवं उनके साथियों का इसमें विशेष सहयोग रहा।

भगवान के स्वधाम गमन प्रसंग के साथ भागवत कथा का समापन

छिंदवाड़ा । नरसिंहपुर रोड स्थित खापाभाट में चल रहे भागवत कथा सप्ताह का रविवार को समापन हो गया। 1 जून से यहां शुभम कृष्ण शास्त्री भागवत के विविध प्रसंगों पर श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। रविवार को कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से उन्होंने भगवान के विवाहों के वर्णन के साथ जरासंध, शिशपाल वध, सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। परीक्षित मोक्ष और भगवान के स्वधाम गमन की कथा के साथ सात दिन तक चला धार्मिक आयोजन संपन्न हो गया। साहू परिवार द्वाराआयोजित कथा में सातों दिन बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने लोग पहुंचे। पुरुषोत्तम मास मे इस कथा का आयोजन किया गया। सोमवार को हवन, पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन होगा।मुख्य यजमान विष्णुप्रसाद - शिवकुमारी साहू,हरिओम साहू ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद ग्रहण करने आमंत्रित किया है।

बसपा मनाएगी बिरसा मुण्डा का बलिदान दिवस

छिंदवाड़ा । बहुजन समाज पार्टी अमर बलिदानी क्रांतिवीर जन नायक बिरसा मुण्डा का बलिदान दिवस 10 जून को मनाएगी। इसदिन वाहन रैली और विचार संगोष्ठी का आयोजन होगा। मणि महल लॉन, चंदनगांव में कार्यक्रम होगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष त्रिविक्रम हिरपाची ने बताया कि प्रदेश अध्यख इंजी रमाकांत पिप्पल , प्रदेश प्रभारी जियालाल अहिरवार, भोपाल जोन प्रभारी ज्ञानेश्वर गजभिये सहित अन्य नेता और जनप्रतिनिधि इस दौरान मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 बजे सर्किट वीआईपी रोड से वाहन रैली निकलेगी जो रानी दुर्गावती चौक, बस स्टेण्ड, डॉ. अंबेडकर तिराहा एवं शिवाजी महाराज चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

भगवान के स्वधाम गमन प्रसंग के साथ भागवत कथा का समापन

छिंदवाड़ा। नरसिंहपुर रोड स्थित खापाभाट में चल रहे भागवत कथा सप्ताह का रविवार को समापन हो गया। 1 जून से यहां शुभम कृष्ण शास्त्री भागवत के विविध प्रसंगों पर श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। रविवार को कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से उन्होंने भगवान के विवाहों के वर्णन के साथ जरासंध, शिशपाल वध, सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। परीक्षित मोक्ष और भगवान के स्वधाम गमन की कथा के साथ सात दिन तक चला धार्मिक आयोजन संपन्न हो गया। साहू परिवार द्वाराआयोजित कथा में सातों दिन बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने लोग पहुंचे। पुरुषोत्तम मास मे इस कथा का आयोजन किया गया। सोमवार को हवन, पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन होगा।

विश्व हिन्दु परिषद महाकौशल प्रांत की हुई बैठक

छिंदवाड़ा । विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत टोली की योजना बैठक गत दिवस संपन्न हुई। जबलपुर स्थित नेपियर टाउन के कार्यालय में हुई बैठक में जिले से भी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी। इस बैठक में आगामी 6 माह की योजना बनाई गई। आगामी माह में सतना जिले में लगने वाले धर्म प्रसार वर्ग की चर्चा महाकौशल प्रांत के सभी 34 जिलों में प्रखंड और जिला बैठक की योजना बनाई गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा, क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख ललित पारदी, प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख दिग्विजय सिंह, प्रांत परियोजना प्रमुख, अजय बंदेवार, प्रांत सह परियोजना प्रमुख प्रशांत छोटू पाल एवं महाकौशल प्रांत के प्रांत के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

एक ही रात में पकड़े गए 120 वारंटी, 30 लोगों से जब्त की 250 लीटर शराब

कॉम्बिंग गश्तः अपराधियों को पकड़ने पुलिस ने पूरी रात चलाया अभियान

नवप्रदेश, छिंदवाड़ा ।

अपराधों पर लगाम कसने और अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए एसपी अजय पांडे और एएसपी आशीष खरे के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस कार्रवाई देखने मिली। इस दौरान आरक्षक से लेकर टीआई, एसडीओपी स्तर तक के अधिकारी कर्मचारी रात भर शहर की गलियों में सक्रिय रहे और आरोपियों तथा वारंटियों की धरपकड़ करते रहे। इस दौरान पुलिस ने जिले के 33 स्थायी व 87 गिरफ्तारी सहित कुल 120 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 101 गुण्डा, निगरानी 76, जेल से रिहा 1, आरोपी और 42 कबाड़ियों की चेकिंग की गई। इसके अलावा अवैध शराब की तस्करी करने वाले 38 व्यक्तियों से 250 लीटर अवैध शराब जप्त, 2 गुम इंसान को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाकर लौटाई खुशियां। काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के छिंदवाड़ा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त की। कॉम्बिंग गश्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग अलग स्थानो पर एकत्रित किया और राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिये टीम गठित की गई थी। इसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए बल रवाना किया गया। जिसमें पूरी रात गुंडा, बदमाशों और वारंटीयों की धड़पकड़ की गई।

चौरई में पकड़ाए सर्वाधिक वारंटी

जिले में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में पुलिस कंट्रोल रुम प्रभारी डी.एस. शेन्डे एवं उनकी टीम द्वारा थाना, चौकियों में चलाये जा रहे काम्बिंग ऑपरेशन की मॉनिटरिंग की गई। जिसमें सीएसपी अजय राणा के नेतृत्व में थाना कुण्डीपुरा द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठित कर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया, जिसमें 08 स्थायी व 12 गिरफ्तारी, कुल 20 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया, एसडीओपी परासिया जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में परासिया में 9 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया, इसी तरह एसडीओपी चौरई श्रीमती भारती जाट के नेतृत्व में चौरई में 10 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

सक्रिय बदमाशों को घूम-घूम कर पकड़ा

पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया । शहर व देहात क्षेत्र की गली मोहल्लो में घूमकर पुलिस ने गुण्डे बदमाश, जेल से रिहा आरोपियो की धरपकड़ की । जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी हैं । पुलिस टीमों द्वारा गुण्डो एवं बदमाशों के घर - घर जाकर उनकी जानकारी ली गई, चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी ।

भोपाल पहुंचे जिलाध्यक्ष और विधायक शाह

राज्यसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

नवप्रदेश, छिंदवाड़ा ।

राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह रविवार को भोपाल पहुंचे।

यहां उन्होंने सत्ता और संगठन के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। चुनाव संबंधी रणनीति और प्रक्रियाओं पर चर्चा की। पार्टी नेतृत्व की ओर से विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों को चुनाव की प्रक्रिया, मतदान की पद्धति और आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जा रही है। इसी सिलसिले में प्रदेशभर से भाजपा के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी भोपाल पहुंच रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बताया कि वर्तमान में पार्टी का पूरा ध्यान राज्यसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर केंद्रित है।पार्टी नेतृत्व द्वारा विधायकों को मतदान की प्रक्रिया और चुनाव संबंधी तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी मजबूती के साथ राज्यसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। हम इसी सिलसिले में भोपाल आए हैं। पार्टी संगठन की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं और विधायकों को मतदान की कार्यप्रणाली समझाई जा रही है।

इस दौरान अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के मंत्रिमंडल में शामिल होने की चर्चाओं को लेकर भी राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज थीं। हालांकि, भाजपा जिलाध्यक्ष यादव ने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जो चर्चाएं चल रही हैं, उनका कोई आधार नहीं।

परीक्षा के बाद 41 कराते खिलाड़ियों ने हासिल किए बेल्ट

नवप्रदेश, छिंदवाड़ा ।

जिला मुख्यालय पर हुई कराते बेल्ट परीक्षा में 41 खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा के इस खेल में प्रदर्शन कर विभिन्नबेल्ट हासिल किए। एलन तिलक इंटरनेशनल स्कूल के तत्वाधान में शुक्ला ग्राउंड छिंदवाड़ा ये परीक्षा ली गइ। छिंदवाड़ा कराते संघ के सचिव शिहान कमलेश पवार ने बताया कि प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया कि इस परीक्षा में कलर बेल्ट से लेकर ब्लैक बेल्ट तक के विभिन्न खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की।सेकंड डान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में परी ठवरे, सुजाता ठवरे, पुनीत चोरे एवं मेघा प्रजापति शामिल है जबकि नमीषा खान, रितिका वर्मा, प्रियंका कवरेती, आकांक्षा रंगारे, सुमित गोरले, शिवांश नामदेव, राजकुमार परतेती, राम पवार, नील सिंह यादव एवं प्रेम प्रजापति ने प्रथम डान की उपाधि हासिल की। जिगयांश पवार एवं शेखर भलावी ने ब्राउन बेल्ट, हर्षिता कोटवानी, प्रणवी विश्वकर्मा, यामिनी कपाले, पीहू विश्वकर्मा, वेदांत गुप्ता एवं प्राची लांजेवार को पर्पल बेल्ट, इस्मत हंफी एवं भूमिका डोंगरे को ब्लू बेल्ट, भूमि पहाड़े, अगस्त्यवर्धन शुक्ला एवं प्रभाती संधिलिया को आरेंज बेल्ट और हर्षिता कुशवाह, सोनाक्षी कुशवाह, आराध्या हीरायु, तनिष्क सिंह शिवहरे, ईश्वर्या कामदार, सत्ववर्धन शुक्ला, चंचल चोरे, अग्रिम काट्यार, अनुश्री धुर्वे, अंशिका बन्देवार, जतिन बन्देवार, मोली नायक, अंशिका वर्मा एवं वानी परिहार को यलो बेल्ट मिला।

जैवविविधता के संरखण के लिए बीजारोपण अभियान

छिंदवाड़ा । जिले में जैव विविधता को बचाने के लिए कुकड़ाग्रामोत्थान समिति ने बीजरोपण अभियान शुरू किया। रंगीनखापा खुटिया रोड स्थित वृक्ष विहीन टेकड़ी को हरा भरा करने यहां इमली पेड़ के बीज रोपे गए। संस्था के संयोजक श्यामल राव ने बताया की उक्त टेकड़ी मे पंचायत द्वारा जल एवं भूप्रबंधन के लिए कंटूर ट्रच बनाये गय है जहां जल के साथ भूप्रबंधन के लिए पौधा रोपण किया जायेगा। ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी साथियों के साथ मिलकर यहां इमली के बीजो को बोया गया,जो बीज ऊगकर एक विशाल वृक्ष बनकर लुप्त होने वाली जैवविविधता को संरक्षित कर सकेंगे। ग्रामीणों से अपने घरों में जामुन, इमली, आम ,सीताफल आदी के बीजो को एकत्रित कर उक्त टेकड़ी मे बोने कहा गया ताकि बीजो से लगाये पौधों से ग्राम का पर्यावरण संतुलन बना रहे।

स्टाक के साथ अब बिक्री के रिकार्ड का होगा मिलान

उर्वरक विक्रेताओं के ठिकानों पर कृषि विभाग करेगा जांच

नवप्रदेश, छिंदवाड़ा ।

खाद की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए अब कृषि विभाग जिले भर के उर्वरक विक्रेता व्यापारियों की दुकानें और गोदामों में खाद के स्टाक की जांच करेगा। उनके द्वारा बिक्री की गई खाद के रिकार्ड के साथ इसका मिलान किया जाएगा। जांच रेडमली की जाएगी और जांच टीमें अचानक किसी भी दुकान में जाकर कार्यवाही करेंगी। जुन्नारदेव के झोत में तीन दिन पहले एक अनाज व्यापारी के यहां अवैध रूप से भंडार किए गए 100 बोरी से ज्यादा यूरिया और डीएपी मिलने के बाद प्रशासन और विभाग अब कड़ी निगरानी करेगा। खाद विक्रेता दुकानों के अलावा कोई अन्य व्यापारी उर्वरकों का अवैध और अनुचित मात्रा

में भंडारण तो नहीं कर रहा इसकी भी छानीबीन की जाएगी। गौरतलब है जिले में वैध लाइसेंसियों को ही उर्वरक बेचने की अनुमति है। यदि बगैर लाइसेंस के कोई उर्वरकों का बेचते पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है सरकार ने खाद की कालाबाजारी और अवैध भंडारण का रोकने के लिए ही ई टोकन प्रणाली लागू की है ताकि उर्वरक किसानों तक ही पहुंचे और उन्हें जितनी मात्रा में चाहिए वह उर्वरक उन्हें मिल सके। हांलांकि इसके बावजूद अवैध भंडारण का मामला सामने आने के बाद ये तो तय हो गया है कि ये गोरखधंधा जारी है। किसकी मिलीभगत से ऐसा हो रहा है अब इस संबधं में प्रशासन और विभाग सजग रहकर जांच करेगा। पूर्व में जिन क्षेत्रों में अवैध बिक्री या भंडारण की शिकायतें मिली है या जहां पहले कार्यवाही हो चुकी है ऐसी जगहों पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। जिले के चौरई, बिछुआ, मोहखेड़, जुन्नारदेव सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में अब संबंधित विभागों के कर्मचारी अधिकारियों की टीमों को सजग किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि जितेंद्रसिंह ने कहा है कि हम पूरे जिले में उर्वरक के स्टाक की अब रेंडमली जांच करेंगे। जो दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सीधे एफआईआर की जाएगी।

आरोपियो पर सख्त कार्यवाही व एफआईआर की मांग

जैन साधु संतो पर हो रही अमर्यादित टिप्पणिया के विरोध में आईजा ने थाना प्रभारी को सौपा ज्ञापन

नवप्रदेश, सिरोंज ।

सोषल मीडिया पर जैन साधु संतो के खिलाफ की जा रही अमर्यादित टिप्पणियो को लेकर जैन समाज व आईजा में काफी आक्रोष देखा जा रहा है। इस कृत्य में शामिल आरोपियो पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएषन आईजा द्वारा थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला को एक ज्ञापन सौपते हुए आरोपियो पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। आईजा के प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी व भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन ने बताया कि पिछले कुछ समय से व्हाटएप व फेसबुक जैसे सोषल मीडिया प्लेटफार्म पर मुनि श्री सुधा सागर महाराज सहित अन्य साधु

संतो के खिलाफ आपत्ति जनक संदेष वायरल किए जा रहें है। साथ ही एक ग्रुप बनाकर समाज विरोधी अभियान चल रहा है। यह तत्व समाज के सीधे साधे युवाओं को भड़काकर ऐसे कृत्य कराए जा रहें है। धार्मिक भावनाओ को पहुचाई जा रही ठेस - जैन संत श्री सुधासागर जी महाराज के विरूद्ध झूठी एवं अपमानजनक टिप्पणी करने एवं उनके अनुयाईयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने व समाज में वैमनस्यता वाले संदेश को प्रसारित करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि जैन धर्म में पंच परमेष्ठी सबसे अधिक पूज्यनीय होते हैं जिसमें आचार्य,उपाध्याय और साधु वर्तमान में अन्यत्र विहारी के रूप में जगत में उपलब्ध हैं जिन्हें जैन धर्म का प्रत्येक व्यक्ति अपना आराध्य मानकर उनकी पूजा भक्ति करता है। प्रत्येक जैन धर्मावलंबियों की भावनाऐं देव,शास्त्र एवं गुरू के प्रति अटूट आस्थ रखती हैं। वर्तमान समय में जैन समाज के उत्कृष्ट एवं तपस्वी राष्ट्रीय संत तीर्थ चक्रवर्ती जगत् पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज हैं। जिनके प्रति जैन एवं जैनेत्तर समाज के लोगों में बहुत श्रृद्धान है और श्री सुधासागर जी महाराज को भगवान के रूप में पूजा जाता है तथा जैन साधुओं में सर्वाधिक ज्ञानवान हैं, इसलिए उनको आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से निर्यापक मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज कहा जाता है।

किन्नर बनकर वसूली करने पहुंचे युवक, असली किन्नरों ने खोली पोल

नवप्रदेश, छिंदवाड़ा ।

कोयलांचल परासिया के दरबई गांव में शनिवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब किन्नरों के वेश में पहुंचे युवकों पर ग्रामीणों को संदेह हो गया। शादी समारोह और अन्य घरों में पहुंचकर ये लोग लोगों से बड़ी रकम की मांग कर रहे थे। मामला संदिग्ध लगने पर ग्रामीणों ने चांदामेटा से असली किन्नर समुदाय के लोगों को बुलाया, जिन्होंने पूछताछ के दौरान पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

जानकारी के अनुसार, किन्नर के वेष में आए कुछ युवक गांव में घूम-घूमकर बधाई के नाम पर वसूली कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर उन्होंने लोगों पर दबाव बनाकर मोटी रकम मांगी। एक परिवार से तो कथित रूप से 25 हजार रुपये तक की मांग कर दी गई। उनकी गतिविधियों और व्यवहार को देखकर ग्रामीणों को संदेह हुआ कि ये वास्तविक किन्नर नहीं हैं। तब उन्होंने उन्हें गांव से खदेड़ दिया। इधर किन्नर समुदाय की प्रतिनिधि नंदिनी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे ऐसे लोगों से सतर्क रहें जो किन्नर बनकर लोगों को भ्रमित करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व किन्नर समुदाय की पहचान का गलत इस्तेमाल कर लोगों से अवैध वसूली करते हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए और किसी भी प्रकार के दबाव में नहीं आना चाहिए।

सभा में प्रदेशभर से आए सैकड़ों प्राध्यापकों ने भाग लिय, प्राध्यापक संघ आंदोलन करेगा

नवप्रदेश, जबलपुर।

शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की साधारण सभा आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष आनंद शर्मा ने की। सभा में प्रदेशभर से आए सैकड़ों प्राध्यापकों ने भाग लिया और उच्च शिक्षा विभाग की निष्क्रियता पर गहरा रोष व्यक्त किया।

बैठक में शिक्षकों की पाँच प्रमुख ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इन समस्याओं का निराकरण 30 जून 2026 तक न होने पर 1 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

प्रमुख माँगें इस प्रकार हैं

परिवीक्षा अवधि व पदोन्नति: वर्ष 2004 एवं 2005 में बैकलॉग से नियुक्त सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि नियुक्ति दिनांक से 2 वर्ष के भीतर समाप्त कर तत्काल कैरियर पदोन्नति का लाभ दिया जाए। नियुक्ति के 20 वर्ष बाद भी लाभ न मिलना अन्यायपूर्ण है।

क्रीड़ा अधिकारी-ग्रंथपालों को न्याय: महाविद्यालयों में कार्यरत क्रीड़ा अधिकारियों एवं ग्रंथपालों को यूजीसी नियमानुसार शिक्षक पदनाम दिया जाए तथा पे-मैट्रिक्स लेवल-14 का लाभ तत्काल प्रभाव से स्वीकृत किया जाए।

2017 बैच की पदोन्नति: वर्ष 2017 में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को समयबद्ध कैरियर प्रोन्नति का लाभ दिया जाए। साथ ही 2003, 2011 व 2017 में परीक्षाओं के लिए नियुक्त शेष सहायक प्राध्यापकों की परीक्षा प्रक्रिया शीघ्र समाप्त कर उन्हें नियमित किया जाए।

सेवानिवृत्तों का भुगतान: सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण सहित सभी स्वत्वों का भुगतान अविलंब किया जाए। वर्षों से लंबित भुगतान से सेवानिवृत्त शिक्षकों को आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है।

परामर्शदात्री समिति की बैठक: सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक तीन माह में उच्च शिक्षा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए, ताकि समस्याओं का नियमित समाधान हो सके।

आंदोलन की रूपरेखा तय: सभा में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त माँगों को लेकर शासन को शीघ्र ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख रहेगा कि 30 जून 2026 तक माँगें पूरी न होने पर 1 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ होगा। प्रथम चरण में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे।

न्यूज गैलरी

आधीरात बाद चंदन कालोनी में विवाद, गोली चली

जबलपुर। शहर के थाना संजीवनी नगर थानांतर्गत चंदन कॉलोनी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात युवकों के बीच विवाद में कार पर सवार होकर आए युवकों ने फायरिंग कर दी जिससे मौके पर हडकंप मच गया। इस फायरिंग में एक युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने मामले में आरोपी हमलावर पर प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में संजीवनी नगर थाना प्रभारी बी डी द्विवेदी ने बताया कि दरमियानी रात लगभग 12 .30 बजे गंगा नगर, चंदन कॉलोनी में शुभम झारिया अपने कुछ दोस्तों के साथ खड़ा था इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में सवार इंगेश रजक ने वहा पहुंचकर शुभम पर फायर कर दिया। शुभम ने बचने के लिए अपना सिर झुका लिया जिससे गोली उसके ऊपर से निकलकर घर की दीवाल से टकरा गई। इसके बाद आरोपी धमकियां देते मौके से फरार हो गया। शुभम ने अपनी शिकायत में बताया कि उसको गोली चलाने के दौरान ही जाति सूचक गाली दी गई । टीआई श्री द्विवेदी का कहना है कि चूंकि मौके पर अभी गोली के निशान एवं छर्रा नहीं मिलने से घटना को तहकीकात में लिया गया है।

तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार को रौंदा, युवक की मौत

जबलपुर। माढोताल थानांतर्गत रविवार की रात करीब दो बजे खजरी खिरिया बाईपास पर रविवार- सोमवार की दरमियानी रात लगभग दो बजे एक तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में स्कूटी हाईवा के नीचे फंस गया और करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। स्कूटर के घिसटने के कारण उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे हाइवा को अपनी गिरफ्त में ले लिया। स्कूटी के घसीटने से उसमें व हाइवा में आग भडक उठी। हाइवा में लगी आग पर सूचना पाकर पहुंचे फायर दल ने मशक्कत के बाद काबू पा लिया। बाईपास पर मौजूद अन्य ट्रक चालकों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल युवक को हाइवा के नीचे से निकाल लिया लेकिन उक्त युवक का कमर से नीचे का पूरा शरीर,पैर घसीटने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। यह दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला था। वहीं पुलिस ने घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान माढ़ोताल शंकर नगर निवासी अजीत चौधरी के रूप में हुई है। माढोताल थाना निरीक्षक पूर्वा चौरसिया और पुलिस बल ने मौके पर बन रहे जाम के हालात को दुरुस्त कर यातायात को सुचारू करवाया।

स्टील सयंत्र से 3 लाख के सरिया चोरी

जबलपुर। भेड़ाघाट थानांतर्गत तेवर रोड स्थित एक निजी स्टील सयंत्र के यार्ड में रखे 3 लाख रुपये के सरिया अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। सयंत्र के प्रबंधक ने घटना की सूचना से मालिक को अवगत कराया है जिसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। भेड़ाघाट पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि ग्राम सिलुआ सिहोरा निवासी कमलेश अवस्थी तेवर रोड स्थित आदिनाथ स्टील्स में पिछले 10 वर्षों से मैनेजर का काम देख रहा है। गत 27 अप्रैल को जब वह प्लान्ट पहुंचा तो देखा कि प्लान्ट के मैदान में रखे सरिया के बंडल कम दिखाई दे रहे हैं उसने जब बंडलों की गिनती की तो पता चला कि 90 सरिया के बंडल गायब थे जिनकी कीमत 3 लाख बताई गई है। इन बंडलों को कोई अज्ञात चोर ले गया था।

युवक ने फांसी लगाई

जबलपुर। मदनमहल थानांतर्गत कल सुबह लगभग 11 बजे कालीमठ मंदिर आमनपुर समीप रहने वाले एक युवक ने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मदनमहल पुलिस ने बताया कि कालीमठ मंदिर आमनपुर निवासी आशुतोष उसरेठे ने कल सुबह लगभग 11 बजे घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसे उसके पिता हीरालाल उसरेठे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ले आए थे जहां डॉक्टर ने युवक को चेक कर मृत घोषित कर दिया।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई मोटरसाइकिल, एक युवक की मौके पर मौत, दो गंभीर रूप से घायल

गुना । जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बेहद हृदयविदारक और बड़ा हादसा सामने आया है, जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग हाईटेंशन बिजली लाइन से उतरे जोरदार करंट की चपेट में आ गए। इस भीषण हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना सोमवार सुबह लगभग 11ः00 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम आमल्या निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग बाबूलाल मैथिल अपने दो अन्य साथियों के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर आमल्या से बलमखेड़ी जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक ऊपर से गुजर रही बड़ी इलेक्ट्रिक लाइन (हाईटेंशन) से फैले करंट की जद में मोटरसाइकिल आ गई।

आवागमन व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

विकास पथ पर आगे बढ़ता बिरसा मुंडा वार्ड, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

नवप्रदेश, कटनी ।

नगर निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को बिरसा मुंडा वार्ड, पुरैनी स्थित आधारकाप रोड में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद नन्हींबाई तुलाराम गोटियाँ,मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्वश्री डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी,पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव ,पार्वती निषाद नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास कर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नन्हींबाई गोटियाँ ने कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से पेवर ब्लॉक निर्माण की मांग थी, जिसके पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। नागरिकों ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा वार्ड के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

जहर खाकर की आत्महत्या

जबलपुर। गोहलपुर थानांतर्गत ओमनगर में एक युवक ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जिसे इलाज के लिए परिजनों ने विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया था जहां देर रात ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि ओमनगर गोहलपुर निवासी मनीष राय ने कल दोपहर अपने घर में जहर का सेवन कर लिया था जिसे इलाज के लिए परिजनों ने विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया था जहां कल दरमियानी रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

सडक़ हादसे में युवक की मौत

जबलपुर। गोहलपुर थानांतर्गत कल दोपहर 3 बजे अमखेरा रोड हनुमंत नगर में सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शाम को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि प्रभात नगर माढ़ोताल निवासी सूरज चौधरी कल दोपहर अमखेरा रोड हनुमंत नगर गोहलपुर में एक सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां कल शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

तिलवारा में डूबने से युवक की मौत

जबलपुर। तिलवारा थानांतर्गत कल दोपहर अपने साथियों के साथ तिलवारा स्थित नर्मदा नदी के दद्दा घाट में नहाने के लिए आया एक युवक गहरे पानी में जाने से नर्मदा नदी में डूब गया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। तिलवारा पुलिस ने बताया कि रामनगर मैहर निवासी श्रीमती राजकुमारी विश्वकर्मा के पति विशाल विश्वकर्मा अपने दोस्तों के साथ कल तिलवारा स्थित नर्मदा नदी के दद्दा घाट में नहाने आये थे जहां विशाल नहाते समय गहरे पानी में चला गया। इस दौरान डूबने से विशाल की मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को पानी से बाहर निकालकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया।

बरेला, नागाघाटी के समीप दुर्घटना

ब्रेक फैल होने से सरिया लदा ट्रक पलटा, चालक की मौत

नवप्रदेश, जबलपुर।

जबलपुर के देहात थाना क्षेत्र बरेला अतंर्गत नागाघाटी के समीप सोमवार अलसुबह रायपुर से लोहे की सरिया लादकर जबलपुर की ओर आ रहा ट्रक अचानक ब्रेक फैल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

इस घटना में ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका परिचालक मामूली रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने मृतक के शव को पंचनामा पश्चात पीएम के लिए रवाना किया, तथा घायल परिचालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक पलटने से मृत हुआ चालक यूपी के लखीमपुर का रहने वाला इंजमाम अली बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके परिजनों को घटना से अवगत करा दिया है। प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया गया है।

मेहरा समाज ट्रस्ट की विशेष बैठक में विवाह सम्मेलन की रूपरेखा तय

जबलपुर।

मेहरा समाज ट्रस्ट की विशेष बैठक आज इंडियन कॉफी हाउस, घंटाघर जबलपुर के हॉल में दोपहर 2 बजे आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष एस.एल. मेहरा ने की एवं संचालन इंजी. भूपेंद्र मेहरा द्वारा किया गया। बैठक में 28 जून 2026 को मानस भवन जबलपुर में होने वाले मेहरा समाज सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को भव्य बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर पदाधिकारियों को व्यक्तिगत दायित्व सौंपे गए। साथ ही ट्रस्ट में विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर सदस्यों को जिम्मेदारियां देने का निर्णय लिया गया। बैठक में इंजी. अशोक महोबिया, एड. कंचन सिंह मेहरा, जमना प्रसाद मेहरा, अमित मेहरा, विपतराम झारिया, हरि मेहरा, दीपक झारिया, इंजी. देवा झारिया, राकेश झारिया, सूरज झारिया, अजय झारिया, जोगेंद्र झारिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान हुए परेशान

गोदाम किराया विवाद पर मंडी में अनिश्चितकालीन हड़ताल

नवप्रदेश, गुना।

कृषि उपज मंडी नानाखेड़ी में सोमवार से मंडी व्यापारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए, जिससे उपज बेचने पहुंचे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने मंडी समिति पर पिछले तीन वर्षों से गोदामों का किराया जमा नहीं करने का आरोप लगाते हुए डाक-नीलामी प्रक्रिया का बहिष्कार कर दिया। हड़ताल के चलते मंडी में उपज लेकर पहुंचे किसान पूरे दिन नीलामी शुरू होने का इंतजार करते रहे, लेकिन डाक नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

व्यापारियों का कहना है कि मंडी क्षेत्र में लगभग एक हजार लाइसेंसी व्यापारियों के 200 से 250 गोदाम हैं, जिनका किराया तीन वर्षों से जमा नहीं हो पाया है। उनका आरोप है कि वे किराया जमा करने को तैयार हैं, लेकिन मंडी समिति लीज नवीनीकरण और नियमों का हवाला देकर किराया स्वीकार नहीं कर रही है। व्यापारियों के अनुसार पिछले वर्ष भी यही स्थिति बनी थी। उस समय अधिकारियों के आश्वासन पर हड़ताल वापस ले ली गई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी लीज और किराया संबंधी नियम नहीं बन सके।

व्यापारी नेता यशवंत सिंह धाकड़ ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से मंडी समिति के समक्ष यह मांग रखी जा रही थी कि गोदामों का लंबित किराया जमा कराया जाए। सभी चार व्यापारी संगठनों ने एकमत होकर निर्णय लिया है कि जब तक किराया जमा नहीं होगा, तब तक व्यापारी मंडी की डाक-नीलामी में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि किराया जमा नहीं होने से आयकर और ऑडिट संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा भविष्य में मंडी समिति द्वारा ब्याज वसूले जाने का भी खतरा बना हुआ है। हड़ताल का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा।

किसान यशवंत सिंह धाकड़ ने बताया कि वे गेहूं लेकर मंडी पहुंचे हैं, लेकिन व्यापारियों की हड़ताल के कारण उपज की नीलामी नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि घर-गृहस्थी का सामान खरीदने और अन्य जरूरी खर्चों के लिए पैसों की आवश्यकता है, लेकिन डाक नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है।

वहीं करोंद के किसान राहुल धाकड़ ने कहा कि सुबह से मंडी में बैठे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। खरीफ फसल की बोवनी का समय है और किसानों को खाद-बीज खरीदने के लिए तत्काल धन की जरूरत है। एक तरफ खाद की कमी बनी हुई है और दूसरी तरफ मंडी में हड़ताल से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। व्यापारियों ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांगों का समाधान होने तक हड़ताल जारी रहेगी। ऐसे में मंडी प्रशासन और व्यापारियों के बीच जल्द समाधान नहीं निकला तो किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है।

शादी डॉट कॉम पर फर्जी आईडी बनाकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

नवप्रदेश, जबलपुर।

शादी डॉट कॉम मैट्रीमोनी साइट पर फर्जी नाम से आईडी बनाकर शहर की एक युवती को अपने जाल में फंसाने वाले शादीशुदा आरोपी को महिला थाना पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी युवती के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस उसे जबलपुर लेकर आई और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेंगलुरु के रहने वाले शादीशुदा युवक आदित्य सिंह ने पंकज सिंह के नाम से एक फर्जी प्रोफाइल बनाई थी। शादी डॉट कॉम पर दोस्ती होने के बाद आरोपी ने खुद को कुंवारा बताकर युवती से नजदीकियां बढ़ाई। वह कई बार पीड़िता से मिलने के लिए शहर आया और यहां के होटल मैक्स, होटल शगुन और होटल एप्पल ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसने चोरी-छिपे युवती के कुछ आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें भी ले लीं। जब पीड़िता को आरोपी की असलियत और उसकी शादी के बारे में पता चला, तो उसने उससे बातचीत बंद कर दी। इसके बाद आरोपी आदित्य सिंह उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने 14 मार्च को महिला थाने में आईटी एक्ट और धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद भी जब आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुईं, तो 28 मार्च को युवती ने दोबारा पुलिस को बयान दिए, जिसके बाद मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई और पुलिस टीम ने बेंगलुरु जाकर आरोपी को दबोच लिया।

खान सर को बेल या जेल?

पटना/ए.। खान सर जेल जाएंगे या बेल मिलेगी, इसका फैसला कल तो हो जाएगा। दरअसल खान सर ने कोर्ट में गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल कर रखा है। जिसपर सुनवाई पूरी हो गई है और आज से लेकर कल तक फैसला आ जाएगा। खान सर, कोचिंग फायरिंग मामले में फरार है और पुलिस उन्हें तलाश कर रही है। वकील अरविंद कुमार महुआर ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल को बदनाम करने की साजिश के तहत उनके खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई है।पटना सिविल कोर्ट में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखे जाने पर उनके वकील अरविंद कुमार ने कहा, ÷आदेश पारित कर दिया गया है। इसे अभी सुरक्षित (रिजर्व) रखा गया है, और इसके बाद ही आगे के कदमों पर फैसला लिया जाएगा। मैंने सभी तथ्यों को रिकॉर्ड पर रख दिया है। इससे पहले खान सर के वकील ने कहा था, प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के तहत प्राथमिकी में खान सर का नाम जोड़ा गया है, क्योंकि उनके कर्मचारियों ने एक अन्य कोचिंग सेंटर के निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। घटना के वीडियो और तस्वीरों के आधार पर यह स्पष्ट है कि गार्डों ने सुरक्षा के उद्देश्य से हवा में गोलियां चलाई थीं। किसी को कोई चोट नहीं लगी। उन्हें फंसाने के लिए उनका नाम बयान में जोड़ा गया है। 'खान ग्लोबल स्टडीज इंस्टिट्यूट' में तोड़फोड़ के मामले से जुड़ी प्राथमिकी में शिक्षक और यूट्यूबर फैसल खान का नाम शामिल किया गया है। पुलिस ने कोचिंग संस्थान के दो गार्ड को हिरासत में लिया था। आरोप है कि मंगलवार रात 15-20 लोगों के एक समूह ने कोचिंग सेंटर का पोस्टर फाड़ दिया और परिसर में पथराव किया। इस दौरान दोनों गार्ड ने कथित रूप से गोलियां चलाईं। तोड़फोड़ की घटना के तुरंत बाद केजीएस के संस्थापक खान सर ने आरोप लगाया था कि प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान से जुड़े लोगों ने फायरिंग की थी। हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि वास्तव में फायरिंग हुई थी या नहीं, इसकी पुष्टि केवल पुलिस जांच से ही हो

ब्रिक्स वैश्विक इकोनॉमी का नया पावरहाउस, हाई-टेक निर्यात: पुतिन

व्यापार और अर्थव्यवस्था पर ब्रिक्स का दबदबा

वर्तमान में, क्रय शक्ति समता के आधार पर वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स का योगदान लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, व्यापारिक मोर्चे पर भी इन देशों ने तेजी से प्रगति की है। पुतिन ने कहा है कि ब्रिक्स के अस्तित्व में आने के बाद से वैश्विक माल व्यापार में इसकी हिस्सेदारी दोगुनी से अधिक हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सदस्य देशों के बीच आपसी व्यापार 1 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है।

नई दिल्ली/ए.। दुनिया में आर्थिक मोर्चे पर एक नया बदलाव दिख रहा है और ब्रिक्स देश इसके विकास का मुख्य इंजन बन चुके हैं। 29वें सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वैश्विक जीडीपी वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा (49 प्रतिशत) ब्रिक्स देशों से आया है।

यह आंकड़े बताते हैं कि उभरते बाजार अब वैश्विक पटल पर एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहे हैं।

तकनीक और इनोवेशन में भारत-चीन का नेतृत्व

ब्रिक्स देश अब केवल पारंपरिक व्यापार या कमोडिटी निर्यात तक सीमित नहीं हैं। वैश्विक हाई-टेक निर्यात में इनकी हिस्सेदारी एक-तिहाई से अधिक हो गई है। राष्ट्रपति पुतिन ने तकनीकी क्षेत्र में विशिष्ट देशों की ताकत का उल्लेख करते हुए बताया कि वैश्विक सॉफ्टवेयर उद्योग में भारत की स्थिति बेहद मजबूत है। वहीं, चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पेटेंट के मामले में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। रूस भी डिजिटल प्लेटफॉर्म, वित्तीय तकनीक और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। आर्थिक विकास के साथ-साथ इस मंच पर वैश्विक समानता का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। पुतिन ने कहा, ÷दुनिया तब अधिक न्यायसंगत बनती है जब आर्थिक विकास उन अरबों लोगों तक पहुंचता है जो पहले वैश्विक अर्थव्यवस्था के हाशिये पर थे÷। इसी कड़ी में चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग ने वैश्विक प्रशासन की एक निष्पक्ष प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन और रूस संप्रभु समानता, अंतर्राष्ट्रीय कानून और वास्तविक बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस आर्थिक महाकुंभ में अफ्रीका और मध्य एशिया जैसे क्षेत्रों की विकास क्षमता को भी रेखांकित किया गया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव ने बताया कि रूस और उज्बेकिस्तान के बीच सहयोग अब केवल व्यापारिक नहीं रहा, बल्कि यह तकनीकी गठबंधन और संयुक्त उत्पादन परियोजनाओं में बदल गया है, जिसका कुल पोर्टफोलियो 50 अरब डॉलर से अधिक है।

जज को 'मर्डरर' कहने वाले वीडियो-पोस्ट तुरंत हटाओ

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक सुनवाई में उन सभी वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है, जिनमें एक वरिष्ठ हाईकोर्ट जज को साकेत में इमारत ढहने की घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें मर्डरर कहा गया था। कोर्ट की अवकाश खंडपीठ ने (न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति मधु जैन) ने कहा कि ऐसे आपत्तिजनक कंटेंट न केवल न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि जनता के न्याय व्यवस्था में विश्वास को भी कमजोर करते हैं। बेंच ने संकेत दिया कि वह संबंधित खातों को ब्लॉक करने के आदेश पर भी विचार कर सकती है।

सुनवाई के दौरान बेंच ने टिप्पणी की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे कंटेंट के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्रवाई करनी चाहिए। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली कैसे हो गया? क्या हम इन प्लेटफॉर्म्स पर जिम्मेदारी नहीं डाल सकते? जब उन्हें इतना अमर्यादित कंटेंट पता चल जाए तो उन्हें खुद ही उसे हटाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि वीडियो में दिए गए बयान सच्चाई पर आधारित नहीं हैं, बल्कि अदालत को बदनाम करने और स्कैंडलाइज करने का प्रयास हैं। बेंच ने आशा जताई कि जनता ऐसे बयानों पर कोई ध्यान न दे।

30 मई को साकेत मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत के ढहने से छह लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. कपिल कक्कड़ ने यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स (पूर्व ट्विटर) और लिंकडइन पर कई वीडियो जारी किए। इन वीडियो में कक्कड़ ने आरोप लगाया कि एक हाईकोर्ट जज ने अवैध निर्माण रोकने वाली याचिका खारिज कर दी थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) ने इस पर

इस्राइल और ईरान को तत्काल गोलीबारी रोकनी चाहिए: ट्रंप

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस्राइल और ईरान दोनों तुरंत युद्धविराम करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह बात उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कही।

राष्ट्रपति ट्रंप ने क्या कहा?

ट्रंप ने लिखा, इस्राइल और ईरान दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतिम 'शांति' वार्ता जारी है। हालांकि कुछ अड़चनों या मूर्खता के कारण यह प्रभावित हो सकती है। जब तक अंतिम समझौता नहीं हो जाता, नाकाबंदी पूरी तरह लागू और प्रभावी रहेगी। चीजें तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव

पिछले 24 घंटों में पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। क्षेत्र के कई शहरों में सैन्य कार्रवाई, रणनीतिक ठिकानों पर हवाई हमले और बड़ी संख्या में मिसाइलों तथा प्रक्षेपास्त्रों का इस्तेमाल किया गया है।

ट्रुथ सोशल पर एक अन्य पोस्ट में ट्रंप ने कहा, इस्राइल और ईरान को तत्काल गोलीबारी रोकनी चाहिए।

संघर्ष का 100वां दिन

पश्चिम एशिया में तनाव उस समय और बढ़ गया, जब सोमवार को इस्राइल और ईरान के बीच फिर से हमले और जवाबी हमले हुए। दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष का यह 100वां दिन है, जिससे पहले से ही अस्थायी युद्धविराम पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है और पूरे क्षेत्र में बड़ी जंग की आशंका बढ़ गई है।

लाल सागर में सक्रिय हुए हूती लड़ाके

इसी बीच, ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इस्राइली जहाजों के आवागमन पर रोक लगाने की घोषणा की है। लाल सागर दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। ताजा सैन्य घटनाक्रमों में ईरान के एक पेट्रोकेमिकल संयंत्र पर हमला भी शामिल है। वहीं, ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया है कि उसने इजराइल के दो सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

इससे पहले, ट्रंप ने कथित तौर पर इस्राइल से तेहरान की ओर से दागी गई मिसाइलों के जवाब में जवाबी कार्रवाई से बचने की अपील की थी। रविवार को इस्राइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हवाई हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने इस्राइल पर हमला किया, जिसके बाद सोमवार को दोनों पक्षों के बीच नए हमले और जवाबी हमले हुए।

केरल में शिगेला का कहर, 126 लोग संक्रमित और मासूम की मौत से दहशत



तिरुवनतपुरम/ए.। केरल बीते कुछ वर्षों में देश का सबसे ज्यादा संक्रामक रोगों से प्रभावित राज्य रहा है, ये कहना गलत नहीं होगा। लेप्टोस्पायरोसिस रोग के मामले हों या फिर ब्रेन-ईटिंग अमीबा संक्रमण का खतरा, हेपेटाइटिस-ए इंफेक्शन हों या निपाह के मामले, ये सभी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगातार चिंता बढ़ाते रहे हैं। अब केरल में एक नई मुसीबत सिर उठाती दिख रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल में शिगेला संक्रमण का खतरा देखा जा रहा है, इससे संक्रमित एक चार वर्षीय बच्चे की मौत भी हो गई है। केरल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस संक्रमण के शिकार तीन बच्चों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो बच्चे तो ठीक हो गए, लेकिन एक बच्चे की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में भी केरल में शिगेला के कई मामले सामने आए थे, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि छोटे बच्चों में इस संक्रमण से गंभीर जटिलताओं का खतरा सबसे ज्यादा होता है, ऐसे में सभी माता-पिता को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

'पेड्डी' विवाद पर कंगना रनोट बोलीं: कई बार डायरेक्टर को भी नहीं पता होता कि वे महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं

राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म 'पेड्डी' इन दिनों विवादों में घिरी है। फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार और उनकी प्रस्तुति को लेकर सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। कई लोगों का आरोप है कि फिल्म में महिला किरदार को जरूरत से ज्यादा ग्लैमराइज और ऑब्जेक्टिफाई किया गया है। अब इस विवाद पर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने प्रतिक्रिया दी है। पीटीआई से बातचीत में कंगना ने कहा कि कई बार फिल्म निर्माता और निर्देशक यह नहीं समझ पाते कि वे महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अगर किसी कलाकार को लगता है कि उसके साथ ऐसा हो रहा है, तो उसे अपनी बात खुलकर रखनी चाहिए। कंगना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान पीटीआई से बातचीत में उनसे 'पेड्डी' विवाद पर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, ÷कई बार डायरेक्टर को भी एहसास नहीं होता कि वे किसी महिला को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं। लेकिन अगर किसी अभिनेता या अभिनेत्री को ऐसा महसूस होता है, तो उसे अपनी बात रखनी चाहिए और विरोध जताना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलाकारों को अपनी सीमाएं तय करने का पूरा अधिकार है। यदि कोई सीन, कॉस्ट्यूम या प्रस्तुति उन्हें असहज लगती है तो वे उस पर अपनी राय रख सकते हैं। कंगना के मुताबिक, फिल्म इंडस्ट्री में संवाद और सहमति बहुत जरूरी है।

अरशद वारसी ला रहे डार्क कॉमेडी क्राइम थ्रिलर फिल्म

मुंबई। अभिनेता अरशद वारसी एक डार्क कॉमेडी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जीवन भीमा योजना' लेकर आ रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर आज सामने आया है। इस फिल्म में अरशद वारसी डबल रोल में नजर आएंगे। अपने करियर में पहली बार अरशद किसी फिल्म में दोहरी भूमिका निभाएंगे। जानिए कब रिलीज होगी अरशद की ये फिल्म?

अरशद वारसी इस फिल्म में दो हमशक्ल व्यक्तियों की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी जिंदगी अप्रत्याशित और खतरनाक तरीके से एक-दूसरे से जुड़ जाती है। इसके बाद शुरू होती है अपराध, धोखे और डार्क ह्यूमर से भरपूर घटनाएं। 'जीवन भीमा योजना' लालच, मजबूरी, प्यार और एक गलत फैसले के दूरगामी परिणामों की कहानी है। फिल्म जीवन और उसकी पत्नी योजना के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। उनकी जिंदगी में तब बड़ा मोड़ आता है।

जंग और एआई शेयरों में नरमी से आहत बाजार सेंसेक्स 700 अंक टूटा, निफ्टी 23150 से नीचे

नई दिल्ली/ए.। भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का दिन भारी उथल-पुथल और नुकसान वाला साबित हुआ। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के 100 दिन पूरे होने और ग्लोबल स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े ट्रेड में आ रहे बड़े बदलावों के कारण घरेलू इक्विटी बाजार बुरी तरह लड़खड़ा गए। इस भारी बिकवाली के चलते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध कंपनियों के मार्केट कैप में एक ही झटके में 4.5 लाख करोड़ रुपये की बड़ी सेंध लग गई। बाजार में आज इतनी भारी गिरावट क्यों आई? कारोबारी सत्र के अंत में बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 719.08 अंक (0.96त) लुढ़ककर 73,524.26 के स्तर पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 243.71 अंक (1.04त) टूटकर 23,150 के अपने अहम सपोर्ट लेवल से नीचे 23,123.00 पर बंद हुआ। इस व्यापक गिरावट के माहौल में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में भी भारी दबाव देखा गया, जहां जियो फाइनेंशियल और इटरनल जैसे शेयरों में चार-चार प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई

निवेशकों को 4.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान कैसे हुआ? बाजार में यह पतन केवल एक दिन का परिणाम नहीं है, बल्कि यह ग्लोबल एआई ट्रेड के ढांचे में हो रही आक्रामक अनवाइंडिंग (बिकवाली) का सीधा असर है। वैश्विक बाजार की इन तेज हवाओं ने भारतीय शेयर बाजार को अपनी चपेट में ले लिया है। इस व्यापक बिकवाली के कारण निफ्टी इंडेक्स में करीब 7त की गिरावट आ चुकी है और इसी दबाव के चलते निवेशकों की 4.5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति साफहो गई। भू-राजनीतिक तनाव और महंगा तेलः पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचने के कारण वैश्विक बाजार में भारी तनाव है, जिसने ब्रेंट क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमतों को 96 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया है।

चांदी 12,608 गिरकर 2.41 लाख किलो पर आई: 8 दिन में 22 हजार की गिरावट

नई दिल्ली/ए.। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से आज यानी 8 जून को सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 2,749 रुपए गिरकर 1.51 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 12,608 रुपए कम होकर 2.44 लाख रुपए पर आ गई है। 31 मई को चांदी की कीमत 2,63,350 रुपए थी। एक्सपर्ट्स के अनुसार जियो पॉलिटिकल टेंशन के चलते लोग मार्केट से पैसा निकालकर अपने पास कैश रख रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 25 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 130 दिन में चांदी 1.42 लाख रुपए सस्ती हो गई है। वहीं चांदी इस महीने सिर्फ 8 दिन में ही 19

भारत ने रचा इतिहास, टेस्ट में दर्ज की सबसे बड़ी जीत

मुल्लांपुर/ए.। भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में पारी और 300 रनों से हराया। भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी और अफगानिस्तान की पहली पारी तीसरे दिन 152 रन पर ऑलआउट की। भारत को इस तरह 412 रनों की बढ़त हासिल हुई और टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को फॉलोऑन दिया। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में बल्लेबाजी बेहद खराब रही और टीम 112 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान ने दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाए थे, लेकिन अशरफ बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। पहली पारी में बड़ी बढ़त मिलने के बाद भारत ने अफगानिस्तान को फॉलोऑन दिया। हालांकि दूसरी पारी में भी मेहमान टीम की बल्लेबाजी में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। अफगानिस्तान की ओर से सेदिकुल्लाह अटल ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। पूरी टीम सिर्फ112 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में केवल तीन बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। मानव सुथार ने एक और विकेट अपने नाम किया, जबकि मोहम्मद सिराज को भी एक सफलता मिली।

मानव सुथार का यादगार डेब्यू

इस मैच की सबसे बड़ी सकारात्मक बात भारतीय टीम के लिए मानव सुथार का प्रदर्शन रहा। पदार्पण टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में छह और दूसरी पारी में एक विकेट लेकर कुल सात विकेट हासिल किए। अपनी सटीक लाइन-लेंथ और नियंत्रण से उन्होंने अफगान बल्लेबाजों को लगातार दबाव में रखा और मैच में निर्णायक भूमिका निभाई।

एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत

सरकार का वन-टाइम स्पेक्ट्रम चार्ज वसूलने का फैसला रद्द; बैंक गारंटी भी वापस होगी

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारती एयरटेल लिमिटेड और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड पर केंद्र सरकार के लगाए गए वन-टाइम स्पेक्ट्रम चार्ज (हृअस्ह) को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि सरकार के पास टेलीकॉम लाइसेंस दिए जाने के सालों बाद वित्तीय शर्तों को पिछली तारीख (रेट्रोस्पेक्टिव) से बदलने का कोई अधिकार नहीं है। जस्टिस मनीष पितले और जस्टिस श्रीराम वी. शिरसाट की डिवीजन बेंच ने सरकार के 2012 के इस फैसले को खारिज करते हुए कंपनियों की बैंक गारंटी भी लौटाने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने सरकार के 14 साल पुराने फैसले को पलटा

जस्टिस मनीष पितले और जस्टिस श्रीराम वी. शिरसाट की बेंच ने केंद्र सरकार के 8 नवंबर और 28 दिसंबर 2012 के उन फैसलों को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिनके तहत टेलीकॉम कंपनियों पर जुर्माना लगाया गया था। सरकार ने इन फैसलों के जरिए जुलाई 2008 से 6.2 मेगाहर्ट्ज (रू15) से अधिक के स्पेक्ट्रम होल्डिंग पर वन-टाइम स्पेक्ट्रम चार्ज लगाया था। कोर्ट ने न केवल सरकार के डिमांड नोटिस को रद्द किया, बल्कि टेलीकॉम ऑपरेटर्स द्वारा जमा की गई बैंक गारंटी को भी वापस करने का आदेश दिया है।



एयरटेल ने कहा- टेलीकॉम सेक्टर के लिए बड़ा फैसला

बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले का टेलीकॉम इंडस्ट्री ने स्वागत किया है। एयरटेल के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हम वन-टाइम स्पेक्ट्रम चार्ज (हृअस्ह) की मांग को रद्द करने वाले बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। यह फैसला कानूनी और वित्तीय अनिश्चितता को खत्म करके भारत के टेलीकॉम सेक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित होगा। इससे भविष्य के निवेश के लिए एक बेहतर माहौल तैयार होगा। यह पूरा विवाद सुप्रीम कोर्ट के 2त स्पेक्ट्रम फैसले के बाद शुरू हुआ था। इसके बाद केंद्र सरकार ने तय सीमा से अधिक स्पेक्ट्रम रखने वाले पुराने ऑपरेटर्स पर वन-टाइम चार्ज लगाने का फैसला किया। टेलीकॉम विभाग ने जुलाई 2008 से 6.2 मेगाहर्ट्ज से ज्यादा के स्पेक्ट्रम होल्डिंग्स पर यह चार्ज वसूलने की मांग की थी। सरकार का तर्क था कि ऑपरेटर्स को स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज के अलावा, स्पेक्ट्रम एलोकेशन के लिए अलग से भुगतान करना जरूरी था।

कंपनियों ने दी थी कानूनी चुनौती

भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने इस लेवी (टैक्स) को कोर्ट में चुनौती दी थी। कंपनियों का तर्क था कि न तो इंडियन टेलीग्राफ एक्ट, 1885 और न ही उनके लाइसेंस एग्रीमेंट में इस तरह के बैक-डेटेड (पिछली तारीख से) चार्ज लगाने का कोई प्रावधान है। उन्होंने दलील दी कि वे नेशनल टेलीकॉम पॉलिसी 1999 के तहत रेवेन्यू-शेयरिंग फ्रेमवर्क और अतिरिक्त स्पेक्ट्रम मिलने पर बढ़ी हुई रेवेन्यू-शेयरिंग देनदारियों के जरिए पहले ही भुगतान कर चुके हैं। हाई कोर्ट ने कंपनियों की दलीलों को सही माना। कोर्ट ने कहा कि टेलीग्राफ एक्ट की धारा 4 के तहत दिए गए टेलीकॉम लाइसेंस पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट (अनुबंध) के दायरे में आते हैं और सरकार

कलेक्टर सिंह ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा, विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से निपटाने के दिए निर्देश

12 से 18 जून के बीच प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकाय मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई

नवप्रदेश, जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार और संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए उन्होंने सभी ग्रामीण एसडीएम को तीन दिनों के भीतर उड़द और मूंग की गिरदावली का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि 15 जून की अंतिम तिथि से पहले किसानों का पंजीयन सुचारू रूप से हो सके। इसके साथ ही उन्होंने जिले में खाद और डीएपी की उपलब्धता एवं उठाव की भी समीक्षा की।

बैठक में आगामी 12 से 18 जून के बीच प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकाय मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। मॉनसून के मद्देनजर उन्होंने बाढ़ व आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया और पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए हैंडपंपों पर किए गए निजी अतिक्रमणों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए विभागवार ग्रेडिंग सुधारने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने शहर के तालाबों का सीमांकन कर अतिक्रमण चिन्हित करने, सांदीपनि विद्यालय का निर्माण सत्र शुरू होने से पहले पूरा करने, स्कूलों में प्रवेश उत्सव की तैयारियां करने और पात्रता पर्ची, संबल योजना व समग्र आईडी के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में नजूल पट्टों के नवीनीकरण, कृषि उपज भुगतान की शिकायतों और पटाखा फैक्ट्रियों की जांच को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिये।

न्यूज गैलरी

जबलपुर में 18 जून को होगा पूर्व सैनिकों की राज्य स्तरीय रैली का आयोजन

जबलपुर। पूर्व सैनिकों, सैनिकों की विधवाओं और वीर नारियों की राज्य स्तरीय रैली 18 जून को जबलपुर में आयोजित की जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिकों, सैनिकों की विधवा एवं वीर नारियों के हित में आयोजित की जा रही यह रैली घंटाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पहचान पत्र के साथ रैली में उपस्थित होने तथा इसे सफल बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि रैली के संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के दूरभाष नंबर 0761-2667336 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के अनुसार रैली में शामिल होने वाले पूर्व सैनिकों, सैनिकों की विधवा एवं वीर नारियों के लिये आयोजन स्थल पर चाय, ठंडा पेय, स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इसके साथ ही आकर्षक उपहार भी प्रदान किये जायेंगे।

जिले में 12 जून से लगेंगे विकासखंड स्तर पर जन कल्याण शिविर

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप राज्य एवं केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले के सभी सात जनपद पंचायत मुख्यालय जबलपुर, कुंडम, मझौली, पनागर, पाटन, शहपुरा एवं सिहोरा में 15, 16 और 18 जून को जनकल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे। तीन दिवसीय इन शिविरों में केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के लिये भी हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को जनपद पंचायत मुख्यालयों में आयोजित किये जा रहे जन कल्याण शिविरों में उपस्थित रहने तथा विभागीय योजनाओं, सेवाओं, शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनका लाभ उठा सकें। जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकल्याण शिविरों में चिन्हांकित योजनाओं में प्राप्त आवेदनों को दर्ज करने एवं निराकरण संबंधी कार्यवाही सी एम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत लंबित प्रकरणों, राजस्व मामलों और अन्य जनशिकायतों के निराकरण भी शिविर अवधि में विशेष अभियान चलाकर किया जायेगा । यथासंभव समस्त लंबित आवेदनों के निराकरण का प्रयास किया जाए। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय स्टॉल स्थापित किये जायेंगे और पात्र हितग्राहियों को आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जायेगी । शिविरों में लाभ वितरण, हितग्राही संवाद, सफलता की कहानियों का प्रस्तुतिकरण तथा योजनाओं के संबंध में जनजागरुकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जायेंगी। शिविर में प्राप्त होने वाले ऐसे आवेदन जिनका निराकरण तत्काल संभव न हो, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर आवेदक को सूचित किया जायेगा और प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जायेगी।

अधिवक्ताओं के लिए कार्यालय व आवासीय भूखंड की मांग

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ ने जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का स्वागत कर अधिवक्ताओं के हितों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा और सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जेडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं में अधिवक्ताओं के कार्यालय और आवास के लिए भूखंड आरक्षित कर आवंटित किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के हित से जुड़े इस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह-सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव सहित कार्यकारिणी के कई सदस्य एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

जांच रिपोर्ट के बाद प्रोफेसर का तबादला

वीयू में 30 लाख की फर्नीचर खरीदी में हुईं वित्तीय अनियमितताएं

नवप्रदेश, जबलपुर।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू) में करीब 30 लाख रुपये से अधिक की फर्नीचर खरीदी में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में महू वेटरनरी कॉलेज के लिए की गई खरीदी में कई गंभीर गड़बड़ियां मिलने पर सिविल एवं सप्लाई कार्यो से जुड़े प्रोफेसर एस.एस. कारमोरे का जबलपुर से महू तबादला कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, फर्नीचर खरीदी के लिए जिस कंपनी को ठेका दिया गया, वह मूल रूप से एक कंसल्टेंसी फर्म थी और उसके पास फर्नीचर निर्माण या विक्रय का कोई अनुभव नहीं था। इसके बावजूद उसे लाखों रुपये का काम सौंप दिया गया। जांच में आरोप सामने आए हैं कि कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर नियमों को दरकिनार करते हुए इस कंपनी को फायदा पहुंचाया।

मामला उस समय और गंभीर हो गया जब छात्र संगठन एबीवीपी ने खरीदी में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच समिति गठित की, जिसने टेंडर प्रक्रिया और खरीदी से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।

बढ रहा जांच का दायरा: जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि महू वेटरनरी कॉलेज में सप्लाई किया गया फर्नीचर तय गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। कई वस्तुओं की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति की गई।

विश्वविद्यालय प्रशासन अब इस पूरे मामले में शामिल अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रहा है। जांच का दायरा बढ़ाया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि टेंडर प्रक्रिया में किस-किस स्तर पर नियमों की अनदेखी की गई और किन लोगों को इसका लाभ पहुंचाया गया।

निष्पक्ष कार्यवाही की तैयारी: विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा ने कहा है कि शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और अनियमितताओं को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 14 जून को होगा विशेष ऑनलाइन योग सत्र

टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर करें पंजीयन

नवप्रदेश, जबलपुर।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के गरिमापूर्ण आयोजन की पूर्व तैयारियों के क्रम में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्र आगामी 14 जून 2026 को प्रातः 06꞉15 बजे से 07꞉35 बजे तक आयोजित होगा। इस योग सत्र में सम्मिलित होने के इच्छुक प्रतिभागी टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन पूर्ण होने के उपरांत, प्रतिभागी को व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन सत्र की लिंक प्राप्त होगी। इस आयोजन में प्रत्येक प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत मोबाइल से पृथक रूप से लॉग-इन करना अनिवार्य होगा। आयुष मंत्रालय द्वारा समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत समस्त शासकीय सेवकों को इस सत्र से अनिवार्य रूप से जुड़ने और योगाभ्यास में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे इस अनूठे ऑनलाइन योग सत्र का हिस्सा बनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं।

कुलपति की गाड़ी पर चस्पा किया ज्ञापन

फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन

नवप्रदेश, जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की बढ़ी हुई फीस और कथित प्रशासनिक अनियमितताओं के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

करीब ढाई घंटे तक चले आंदोलन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और फीस वृद्धि को वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी छात्रों से चर्चा करने नहीं पहुंचा, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई।

आक्रोशित छात्रों ने विरोध दर्ज कराने के लिए कुलपति के वाहन पर ज्ञापन चस्पा कर दिया। इस दौरान पुलिस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारी हाथों में 'फीस वृद्धि वापस लो', 'छात्रों का शोषण बंद करो' जैसे पोस्टर और विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाने वाले प्रतीकात्मक काकरोच पोस्टर लेकर पहुंचे थे। छात्र नेता अनुराग शुक्ला ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार फीस बढ़ाकर छात्रों पर आर्थिक बोझ डाल रहा है, जबकि डिग्री, माइग्रेशन और परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में भी गंभीर अनियमितताएं बनी हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिनों के भीतर फीस वृद्धि वापस नहीं ली गई और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन उग्र आंदोलन शुरू करेगा। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव एजाज अंसारी, प्रतीक गौतम, शफी खान, राहुल यादव, अंकित शुक्ला, वकार खान, अंकित कोरी, हेमंत द्विवेदी, युग ठाकुर, ऐश्वर्या नाहर, अनिकेत तिवारी, ऋषि यादव, विवेक पांडेय, सोनू मराठी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

जिले में समिति स्तर पर 28 पंजीयन केंद्र स्थापित

ग्रीष्मकालीन मूंग और उडद के उपार्जन के लिये किसान 15 जून तक करा सकेंगे अपना पंजीयन

नवप्रदेश, जबलपुर।

जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 15 जून तक होगा। जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग और उडद उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 25 मई से प्रारंभ हुई थी। किसानों की सुविधा को देखते हुये जिले में तहसीलवार समिति स्तर पर 28 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र पर भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। किसानों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जायेगा।

ग्रीष्म कालीन उडद एवं मूंग के उपार्जन हेतु समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों में आधारताल तहसील में सहकारी विपणन संस्था मर्यादित जबलपुर, जबलपुर तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था बरगी एवं सेवा सहकारी संस्था सिवनी, कुंडम तहसील में सेवा सहकारी संस्था गौरी एवं सेवा सहकारी संस्था पडरिया, पनागर तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था नगना, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सिंगौद, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था कुशनेर पिपरिया एवं सेवा सहकारी संस्था निरंदपुर, पाटन तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सरौंद, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सहसन, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था बोरिया, सेवा सहकारी संस्था कुंवरपुर एवं सेवा सहकारी संस्था सकरा, शहपुरा तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था शहपुरा, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था बिजौरी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सहजपुर, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था घुन्सौर, सेवा सहकारी संस्था बड़खेरा एवं सहकारी विपणन संस्था मर्यादित शहपुरा, मझौली तहसील में सेवा सहकारी संस्था पोंडा, सेवा सहकारी संस्था सहजपुर, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सिहोरा एवं सेवा सहकारी संस्था कछपुरा तथा सिहोरा तहसील में सहकारी विपणन संस्था मर्यादित सिहोरा, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था मझगवां, सेवा सहकारी संस्था घाट सिमरिया एवं वृहताकार सेवा सहकारी संस्था फनवानी शामिल हैं।

समिति स्तर पर स्थापित इन पंजीयन केन्द्रों के अलावा किसान ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायतों में स्थापित सुविधा केंद्र एवं तहसील कार्यालयों में भी निःशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। इसके अलावा एम पी किसान एप, एम पी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे से सशुल्क पंजीयन करा सकेंगे।

नगर परिषद बनगवा-राजनगर में नियमों की धज्जियां उड़ाने का आरोप

रोका गया था निर्माण, फिर किसके इशारे पर शुरू हुआ काम ?

नवप्रदेश, इन्द्रपाल यादव अनूपपुर

राजनगर। नगर परिषद बनगवा-राजनगर में निर्माणाधीन नगर परिषद कार्यालय भवन एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। आरोप है कि शासन के स्पष्ट नियमों और जनता की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए बिना स्वीकृत ड्राइंग-डिजाइन के निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है। इस पूरे मामले ने नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, इस भवन निर्माण को लेकर पूर्व में स्थानीय पार्षदों एवं नगरवासियों द्वारा विधिवत शिकायतें की गई थीं। शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि भवन निर्माण कार्य बिना आवश्यक तकनीकी स्वीकृतियों और ड्राइंग-डिजाइन के शुरू किया जा रहा है। मामला भोपाल तक पहुंचने के बाद विभागीय स्तर पर संज्ञान लिया गया था तथा संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब भी किया गया था। इसके बाद कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रोक दिया गया था।

लेकिन हैरानी की बात यह है कि जैसे ही प्रशासनिक परिस्थितियां बदलीं, नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और उपयंत्री द्वारा बिना किसी सार्वजनिक जानकारी एवं बिना ड्राइंग-डिजाइन की अंतिम स्वीकृति प्राप्त किए निर्माण कार्य पुनः शुरू करा दिया गया। जबकि नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि स्वीकृत ड्राइंग-डिजाइन के बिना किसी भी शासकीय भवन का निर्माण प्रारंभ नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस भवन के निर्माण स्थल को लेकर भी व्यापक विरोध दर्ज कराया गया था। नगर के लगभग 800 नागरिकों एवं कई पार्षदों ने लिखित रूप से मांग की थी कि भवन का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर कराया जाए, लेकिन जनता की इस मांग को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। आरोप है कि जनता की आवाज को दबाकर और शिकायतों को ठंडे बस्ते में डालकर निर्माण कार्य को जल्दबाजी में आगे बढ़ाया जा रहा है।

नगर में चर्चा है कि इस जल्दबाजी के पीछे केवल निर्माण कार्य पूरा करना उद्देश्य नहीं, बल्कि भुगतान प्रक्रिया और व्यक्तिगत लाभ सुनिश्चित करना भी एक बड़ा कारण हो सकता है। यही वजह है कि निर्माण की गुणवत्ता और प्रक्रिया दोनों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मामला पहले से विभागीय जांच और शिकायतों के दायरे में है, तब आखिर किसके संरक्षण में निर्माण कार्य दोबारा शुरू किया गया? क्या बिना ड्राइंग-डिजाइन के निर्माण की अनुमति किसी सक्षम अधिकारी ने दी है या फिर नियम-कायदों को दरकिनार कर मनमानी की जा रही है?

अब जनता की निगाहें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, संभागीय अधिकारियों और भोपाल स्थित वरिष्ठ अधिकारियों पर टिकी हैं। नगरवासियों का कहना है कि यदि इतनी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा की गई शिकायतों, पार्षदों के विरोध और विभागीय नोटिसों के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह साफ संदेश होगा कि जनता की आवाज का कोई महत्व नहीं रह गया है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, या फिर वे भी मूकदर्शक बनकर नियमों की खुलेआम हो रही अनदेखी को देखते रहेंगे?

क्या नगर परिषद बनगवा-राजनगर में जनता की आवाज से ज्यादा महत्व कुछ चुनिंदा अधिकारियों और ठेकेदारों के हितों को दिया जा रहा है?

यह सवाल अब पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुदित एवं फ्लैट नंबर 402 कौशल्या विहार, नेपियर टाउन, 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर)।